रोहतक

रविवार 14 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 130

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम** हरियाणा

अधि. 38.0°C

न्यून. 19.0°C


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





7 महिला टी20 विश्व कप : भारत और पाकिस्तान में हाई-वोल्टेज मैच आज







असम के जोरहाट एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान हादसा

# एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान क्रैश, पायलट समेत 5 की मौत



**जोरहाट (एजेंसी)।** असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है। इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रुटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील कि शुरुआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं। भारतीय वायुसेना अपने पुराने एएन-32 और आईएल-76 मालवाहक विमानों को बदलने की तैयारी कर रही है।



**प्रशांत सिंह**
स्क्वाड्रन लीडर



**जितेंद्र शर्मा**
सार्जेंट



**शुभम कुमार**
फ्लाइट लेफ्टिनेंट



**खेमाराम कुमावत**
अग्निवीरवायु



**दानिश आलम**
अग्निवीरवायु

## एएन-32 कार्गो प्लेन पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में भी उतरने में सक्षम

भारतीय वायु सेना के पास लगभग 100 एंटोनोव एएन-32 टैक्टिकल ट्रांसपोर्ट विमानों का बेड़ा है। हालांकि वायुसेना ने शुरू में सोवियत मूल के ऐसे 125 प्लेन खरीदे थे, लेकिन अब एक्टिव-ड्यूटी प्लेन की संख्या लगभग 100 रह गई है। एएन-32 ने 1980 से वायुसेना की मीडियम-लिफ्ट ट्रांसपोर्ट क्षमताओं की रीढ़ के तौर पर काम किया है। गर्म मौसम और हिमालय जैसे ऊंचे इलाकों में ऑपरेशन के दौरान इसकी मजबूती के कारण इसे काफी अहम माना जाता है।

**असम** के जोरहाट में भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान हादसे में हमारे पांच वीर वायुयोद्धाओं का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मातृभूमि की रक्षा हेतु समर्पित स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीर वायु खेमाराम कुमावत एवं अग्निवीर वायु दानिश आलम का बलिदान राष्ट्र सदैव श्रद्धा, गर्व और कृतज्ञता के साथ स्मरण करेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत वीरों की पुण्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



*-कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री*

*पाक बोला-समझौता जल्द, ईरान ने कहा-अभी फैसला नहीं*

दोनों देश समझौते पर ऑनलाइन हस्ताक्षर करेंगे

# समझौते के हां-ना के बीच अराघची जाएंगे पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच अगले 24 घंटे में शांति समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके बाद दोनों देश इस समझौते पर ऑनलाइन हस्ताक्षर करेंगे और अगले हफ्ते तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं, इस बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान दौरे पर जाएंगे।

वहीं, ईरान के मुख्य न्यायाधीश गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई ने कहा है कि ईरान को अमेरिका पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभवों की वजह से यह भरोसा खत्म हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा संघर्ष में ईरान ने अपने दुश्मनों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है और हमलावरों की ताकत को कमजोर करने में सफलता हासिल की है। 28 फरवरी



को तत्कालीन ईरानी सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद एक अंतरिम नेतृत्व परिषद बनाई गई थी, गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई इस परिषद में शामिल हैं। ब्रिटेन की लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय राजनीति के प्रोफेसर साइमन मेबन का कहना है कि अमेरिका और ईरान दोनों अपने लोगों के सामने इस संभावित समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन अगर किसी एक पक्ष को लगे कि दूसरा ज्यादा फायदा लेकर निकला है, तो नई परेशानी पैदा हो सकती है।

## भारत ने हमलों पर जताई नाराजगी, जयशंकर ने रुबियो के समक्ष उठाया मुद्दा

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच होर्मुज स्ट्रेट के हालात को लेकर फोन पर बात हुई। रुबियो ने कहा कि इस रास्ते से गुजरने वाले सभी कारोबारी जहाज अमेरिकी सेना के निर्देशों का तुरंत पालन करें, ताकि इलाके में शांति और सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने या ईरानी तेल ले जाने वाले जहाजों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं जयशंकर ने अमेरिकी नौसेना के हमलों पर भारत का कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि इन हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई है और व्यापारिक जहाजों पर इस तरह की जानलेवा कार्रवाई बिल्कुल स्वीकार नहीं की जा सकती।








## देश को पहली बार आईएमए से मिलीं नौ महिला सैन्य अफसर



**देहरादून (एजेंसी)।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को एक और इतिहास रचा गया। अकादमी की पासिंग आउट परेड में पहली बार नौ महिला सैन्य अफसर पासआउट होकर भारतीय सेना का हिस्सा बनीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में कुल 515 जेंटलमैन कैडेट्स ने अंतिम पग पार कर सैन्य जीवन की नई शुरुआत की। इनमें 481 भारतीय कैडेट और 16 मित्र देशों के 34 कैडेट शामिल रहे। परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें नव नियुक्त सैन्य अधिकारियों के कंधों पर रैंक सजाई गई। *(पैकेज पेज-8 पर)*

## नीट समेत बड़ी परीक्षाओं के लिए अफसरों को ट्रेनिंग देगा एनटीए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा केंद्रों पर निगरानी और परीक्षा संचालन को और मजबूत बनाने के लिए 'परीक्षा कर्मयोगीः कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' शुरू किया है। यह कार्यक्रम आईजीओटी कर्मयोगी भारत प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से परीक्षा अधिकारियों और निरीक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तैयार किया गया है जो एनटीए की ऑफलाइन (पेन एंड पेपर) परीक्षाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें सेंटर सुपरिंटेंडेंट, निरीक्षक और अन्य परीक्षा कर्मी शामिल हैं। एनटीए के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नीट (यूजी) सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कार्यरत परीक्षा अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।




# आंधी-तूफान का कहर : 13277 खंभे क्षतिग्रस्त होने से 233 गांवों की बिजली प्रभावित, 842 फीडर पड़े खराब

■ बिजली निगम के 1,552 कर्मचारी और तकनीकी कर्मी युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य में जुटे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान से बिजली व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रदेशभर में 13,277 बिजली खंभे क्षतिग्रस्त अथवा उखड़ गए, जबकि 233 गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई और 842 फीडर बाधित हो गए। प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए बिजली निगम युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य में जुटा हुआ है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि क्षतिग्रस्त खंभों में से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के 2,791 तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के 10,486 खंभे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का पूरा ध्यान प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने पर केंद्रित है। विज ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण प्रभावित 233 गांवों में यूएचबीवीएन क्षेत्र के 32 तथा डीएचबीवीएन क्षेत्र के 201 गांव शामिल हैं। इसी प्रकार कुल 842 फीडर प्रभावित हुए हैं, जिनमें यूएचबीवीएन के 458 और डीएचबीवीएन के 384 फीडर हैं। बिजली व्यवस्था को शीघ्र सामान्य बनाने के लिए विभाग ने 1,552 कर्मचारियों और तकनीकी कर्मियों की विशेष टीमें तैनात की हैं। इनमें यूएचबीवीएन के 620 तथा डीएचबीवीएन के 932 कर्मचारी शामिल हैं, जो दिन-रात बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य ढांचागत सुविधाओं की मरम्मत में लगे हुए हैं।



### अधिकारी मरम्मत कार्यों की लगातार निगरानी कर रहे

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विभाग की तत्परता और कर्मचारियों की मेहनत से अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। शेष प्रभावित इलाकों में भी तेजी से कार्य जारी है और जल्द ही सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को मरम्मत कार्यों की लगातार निगरानी करने तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों से अपील की है कि वे टूटे हुए बिजली खंभों और तारों से दूर रहें।

## खबर संक्षेप

### पिता को चाकू घोंपने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना पल्ला पुलिस ने पिता पर चाकू से हमला करने के मामले में शिकायतकर्ता के पुत्र भरत और उसके साथी ओमकार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। शिव कॉलोनी निवासी धन सिंह ने शिकायत में बताया था कि 4 अप्रैल 2026 को वह बाजार जा रहे थे। रास्ते में उनके पुत्र भरत और उसके साथी ओमकार ने उन्हें रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने चाकू से कई वार किए, जिससे उन्हें पसली, कूल्हे और बाजू पर गंभीर चोटें आईं।

### अवैध हथियार सहित युवक दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रिजवान निवासी गांव सिरोही, धौज जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव सिरोही फरीदाबाद के रहने वाला रिजवान के पास अवैध हथियार है और कैली बाईपास के पास मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने रिजवान को कैली बाई पास के पास से काबू किया है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ।

### होटल रेटिंग टास्क के नाम पर 16.34 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टेलीग्राम टास्क के नाम पर 16.34 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पंजाब के बठिंडा निवासी भूपिंद्र सिंह और अर्जन सिंह के रूप में हुई है। दोनों को 11 जून को बठिंडा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार फरीदाबाद निवासी एक महिला ने शिकायत दी थी कि टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क कर उसे होटलों की रेटिंग करने पर प्रतिदिन 5 से 6 हजार रुपये कमाने का लालच दिया गया। इसके बाद उसे एक लिंक भेजकर पंजीकरण कराया गया और बोनस का झांसा दिया गया।

# पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड के साथ खंगाले नशा तस्करों के ठिकाने

■ पंचकूला पुलिस ने मैदान 2.0 अभियान चलाया

**पंचकूला।** नशामुक्त हरियाणा अभियान को सफल बनाने के लिए पंचकूला पुलिस का मैदान 2.0 अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में थाना, क्राइम और एंटी नारकोटिक्स टीमों ने डॉग स्क्वॉयड के सहयोग से सेक्टर-26 स्थित आशियाना, कालका की बंगला बस्ती तथा गांव अभयपुर में व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। यह अभियान पुलिस आयुक्त पंकज नैन के दिशानिर्देश और डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इसका उद्देश्य नशा तस्करों, असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने गलियों, सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लॉटों, झुग्गी-बस्तियों, संदिग्ध ठिकानों, झाड़ियों और अन्य संवेदनशील स्थानों की गहन तलाशी ली। डॉग स्क्वॉड की मदद से नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री और सेवन से जुड़े संभावित ठिकानों की विशेष जांच की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन कर उनसे पूछताछ की।

■ आशियाना, बंगला बस्ती और अभयपुर में कॉम्बिंग ऑपरेशन

### अबोहर में ओबीसी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंजाब सरकार पर साधा निशाना

# पंजाब में आप सरकार की उल्टी गिनती शुरू, अगली बार बनेगी भाजपा सरकार

आप लुटेरों की टोली, अरविंद केजरीवाल का ईमानदारी का चोला भी उतर चुका : नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में उसकी उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। अबोहर नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत आगामी राजनीतिक बदलाव का संकेत है और अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री शनिवार को पंजाब के अबोहर में आयोजित ओबीसी महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ तथा कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सैनी ने कहा कि पंजाब की वर्तमान सरकार का 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान पूरी तरह विफल साबित हुआ है।



### पंजाब सरकार ने वादों को पूरा नहीं किया

उन्होंने दावा किया कि पंजाब में भाजपा सरकार बनने के बाद नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा आज तक पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अबोहर नगर निगम को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं दी गई, जबकि हरियाणा सरकार अपने गांवों और शहरों के विकास पर लगातार निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सरकार को अपनी हार का आभास हो चुका है, इसलिए सत्ता में रहते हुए प्रदेश के संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता बदलाव चाहती है और भाजपा ही राज्य को विकास, रोजगार और सुशासन की नई दिशा दे सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ओबीसी समाज को सम्मान और अवसर दोनों मिले हैं। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर तथा शिक्षा संस्थानों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर ओबीसी वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है। सैनी ने कहा कि भाजपा ने ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक नहीं माना, बल्कि नेतृत्व की मुख्यधारा में स्थान दिया है।

## मुख्यमंत्री ने महंत ब्रह्म दास महाराज से आशीर्वाद लिया



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को पंजाब के गांव खूंईया सरवर पहुंचकर बाबा भूमणशाह, सिरसा गद्दी महंत ब्रह्म दास महाराज से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महंत ब्रह्म दास का अभिवादन करते हुए प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं का आशीर्वाद समाज को सही दिशा प्रदान करने के साथ-साथ सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की संत परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य आधार है।

# एफडी घोटाले में नया मोड़ कोटक बैंक पहुंचा हाईकोर्ट

- 109 शाखाएं सील, कारोबार प्रभावित होने का दावा
- निगम खाते में 127 .27 करोड़ जमा कराने के बाद हटी सील

**चंडीगढ़।** पंचकूला नगर निगम की एफडी में कथित 150 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में नया मोड़ आ गया है। कोटक महिंद्रा बैंक ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दावा किया है कि हरियाणा पुलिस द्वारा राज्यभर में उसकी 109 शाखाओं को सील किए जाने से बैंक के कामकाज और साख पर प्रतिकूल असर पड़ा। बैंक ने इसे अनुचित कार्रवाई बताते हुए न्यायालय से राहत की मांग की है। बैंक का कहना है कि पंचकूला नगर निगम के खाते में 127.27 करोड़ रुपये जमा कराने के बाद ही शाखाओं की सील हटाई गई। बैंक के अनुसार यह राशि अंतिम भुगतान नहीं, बल्कि खातों के मिलान की प्रक्रिया पूरी होने तक अस्थायी तौर पर जमा कराई गई थी। एसीबी की एफआईआर के अनुसार पंचकूला नगर निगम ने कोटक महिंद्रा बैंक की सेक्टर-11 शाखा में 16 एफडी कराई थीं, जिनकी मूल राशि 145.03 करोड़ रुपये और मैच्योरिटी वैल्यू 158.02 करोड़ रुपये थी। जांच में आरोप है कि शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह और नगर निगम के तत्कालीन वरिष्ठ लेखा अधिकारी विकास कौशिक ने मिलकर फर्जी खाते खुलवाए और सरकारी धन को वैध खातों से अन्य खातों में स्थानांतरित किया। जांच एजेंसी का दावा है कि यह अनियमितता वर्ष 2018 से जारी थी।



### बैंक का तत्कालीन प्रबंधक मुख्य आरोपी

मामले की जांच हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कर रहा है। जांच एजेंसी के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक की सेक्टर-11 शाखा के तत्कालीन प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह को मामले का मुख्य आरोपी माना जा रहा है। बैंक की ओर से अदालत में बताया गया कि 18 मार्च को नगर निगम से एफडी भुगतान संबंधी पत्र मिलने के बाद बैंक ने पंचकूला पुलिस को शिकायत दी थी। इसके बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हुई और 30 मार्च को हरियाणा में बैंक की 109 शाखाओं को सील कर दिया गया। बैंक का दावा है कि इस कार्रवाई से उसके करीब 14 लाख ग्राहकों और बैंकिंग सेवाओं पर व्यापक असर पड़ा।

# नीट परीक्षार्थियों के लिए जिलों में बनेंगे हेल्प डेस्क

**चंडीगढ़।** प्रदेश में 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी जिलों में हेल्प डेस्क बनाए जाएंगे। परीक्षा के समय, रिपोर्टिंग शेड्यूल तथा दिशा-निर्देशों को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने परीक्षा की तैयारी को लेकर शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, पुलिस कमिश्नरों और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह के साथ बैठक की।मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे हर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी न होने दें।



- 21 जून की परीक्षा को लेकर अलर्ट
- मुख्य सचिव ने वीसी से की बैठक

### अधिकारियों को आपस में तालमेल बनाने के निर्देश

सभी केंद्रों का समय पर निरीक्षण किया जाए ताकि वहां बिजली, पीने के पानी, साफ-सफाई, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने उपायुक्तों को पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन विभागों के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाने के निर्देश दिए ताकि परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से हो सके। परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# एनसीटीई की मंजूरी के बिना कालेजों का निरीक्षण नहीं कर सकता राज्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा हाई कोर्ट ने शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करने वाले निजी कालेजों के निरीक्षण को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा अनुमोदित नहीं किए गए निरीक्षण प्रोफार्मा के आधार पर शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण नहीं किया जा सकता। अदालत ने माना कि हरियाणा सरकार द्वारा उपयोग में लाया जा रहा निरीक्षण प्रारूप एनसीटीई से स्वीकृत नहीं था, इसलिए उस पर निजी कालेजों की आपत्ति प्रथम दृष्टया उचित है।जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने हरियाणा सेल्फ फाइनेंस प्राइवेट कालेजेज एसोसिएशन की याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश पारित किया।मामले में एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार और विश्वविद्यालय ऐसे निरीक्षण प्रारूप के आधार पर कालेजों की जांच कर रहे हैं, जिसे एनसीटीई ने कभी मंजूरी नहीं दी। याचिका में 26 जुलाई 2024 को उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक द्वारा जारी निरीक्षण प्रोफार्मा को भी चुनौती दी गई थी। सुनवाई के दौरान एनसीटीई ने 27 मार्च 2026 को एक हलफनामा दाखिल किया था।

■ हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के निरीक्षण प्रोफार्मा पर जताई आपत्ति

### महिला कांस्टेलब भर्ती : कई अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत

**चंडीगढ़।** हरियाणा में महिला कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) भर्ती की चयन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कई अभ्यर्थियों को बड़ी अंतरिम राहत देते हुए उन्हें सीईटी 2 परीक्षा में अस्थायी तौर पर भाग लेने की अनुमति दे दी है। अदालत ने यह राहत इस तथ्य को देखते हुए प्रदान की कि याचिकाकर्ताओं के अंक सामान्य वर्ग की कट ऑफ से भी अधिक बताए गए हैं, जबकि उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। याचिकाकर्ता आरजू व अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) द्वारा महिला कांस्टेबल (जीडी) भर्ती के लिए जारी शार्टलिस्टिंग सूची को चुनौती दी है। याचिकाकर्तओं के वकील कोर्ट में दलील दी कि पीएमटी के लिए उम्मीदवारों के चयन का तरीका मनमाना, अवैध और कानून के स्थापित सिद्धांतों के विपरीत है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से विवादित सूची रद्द करने तथा नए सिरे से पात्र उम्मीदवारों की सूची तैयार करने का निर्देश देने की मांग की है।

### प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्य : गौतम

**चंडीगढ़।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा 12 वर्ष के कार्यकाल में प्राप्त की गई सराहनीय उपलब्धियां के लिए प्रदेशभर के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश-प्रदेश का सर्वांगीण और समावेशी विकास हुआ है, जिससे अंत्योदय उत्थान और जनकल्याण को बल मिला है। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा 12 वर्ष की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **सागर, पुत्रः स्वर्गीय आनंद सिंह, निवासीः लंबी गली, स्टेडियम के पास, मेला ग्राउंड बहादुरगढ़, हरियाणा, शहर बहादुरगढ़, झज्जर, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **CR Case No.6440/2021, FIR No.367/2021 U/S 323/336/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना कंझावला, रोहिणी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **सागर** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सागर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **CR Case No.6440/2021, FIR No.367/2021 U/S 323/336/34 IPC, थाना कंझावला, रोहिणी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **सागर** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **07.09.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री अपूर्व भारद्वाज, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02, कोर्ट नंबर 113, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली।

DP/7850/RD/2026
(अदालती मामला)

# श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में आंख गंवाने वाले सैनिक को मिलेगी युद्ध चोट पेंशन

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी सैनिक को ऑपरेशनल क्षेत्र में ड्यूटी निभाने के दौरान लगी चोट को सैन्य सेवा से अलग नहीं माना जा सकता। अदालत ने श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान आतंकियों की तलाश करते समय आंख में गंभीर चोट लगने वाले पूर्व सैनिक नायक नाहर सिंह को युद्ध चोट पेंशन (वार इंजरी पेंशन) देने के आदेश को बरकरार रखते हुए केंद्र सरकार की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस दीपक मनचंदा की खंडपीठ ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि जब कोई सैनिक आतंकवादियों की तलाश के लिए जंगल में अभियान चला रहा हो और उसी दौरान पेड़ों की शाखाओं व झाड़ियों के कारण उसकी आंख में चोट लग जाए, तो ऐसी चोट को सैन्य सेवा से असंबद्ध नहीं कहा जा सकता। मामला भारतीय सेना की 1 पैरा रेजीमेंट में तैनात रहे नायक नाहर सिंह से जुड़ा है। वह भारतीय शांति सेना (आईपीकेएफ) के तहत श्रीलंका में ऑपरेशन पवन का हिस्सा थे। रिकॉर्ड के अनुसार आतंकवादियों की तलाश के लिए जंगल में चलाए जा रहे अभियान के दौरान उनकी बाईं आंख में पेड़ की शाखा और झाड़ियों से गंभीर चोट लगी थी। इस दुर्घटना के कारण उन्हें 50 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता का सामना करना पड़ा।

■ नायक नाहर सिंह के खिलाफ केंद्र की याचिका खारिज

# गुटबाजी, अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कांग्रेस हाईकमान सख्त

## भाजपा के प्रति नरम रुख रखने वाले नेताओं पर नजर, संगठन में जवाबदेही पर फोकस

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस हाईकमान ने संगठन में गुटबाजी, अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सख्ती बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार पार्टी में रहकर विरोधी राजनीतिक दलों के प्रति नरम रुख रखने वाले नेताओं और कथित 'स्लीपर सेल' की भूमिका निभाने वाले तत्वों पर नजर रखी जा रही है। ऐसे नेताओं की पहचान के लिए अंदरूनी स्तर पर गोपनीय पड़ताल जारी है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के लिए अनुशासन जरूरी है। इसी उद्देश्य से जिलाध्यक्षों की कार्यप्रणाली और प्रदर्शन का नियमित मूल्यांकन किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक तीन माह में संगठनात्मक जिलाध्यक्षों की समीक्षा की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लगातार कमजोर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। राहुल गांधी पहले भी स्पष्ट कर चुके हैं कि पार्टी के भीतर गुटबाजी और खींचतान बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी कड़ी में जिलाध्यक्षों को गांव-गांव और वार्ड स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि जमीनी स्तर की वास्तविक जानकारी सीधे हाईकमान तक पहुंचे। सूत्रों के अनुसार हरियाणा में संगठनात्मक गतिविधियों को एकरूपता देने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। पार्टी के किसी भी कार्यक्रम, बैठक, रैली, अभियान या आंदोलन के आयोजन से पहले निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। बिना अनुमति समानांतर कार्यक्रम चलाने या सार्वजनिक बयानबाजी करने को अनुशासनहीनता माना जाएगा।

### आपसी खींचतान को सहन नहीं करेंगे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और हरियाणा मामलों के प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद भी संगठन को मजबूत करने तथा आपसी खींचतान कम करने की दिशा में सक्रिय हैं। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट संदेश है कि व्यक्तिगत शक्ति प्रदर्शन के बजाय संगठन को प्राथमिकता दी जाए। कांग्रेस हाईकमान का मानना है कि मजबूत संगठन और अनुशासन के बल पर ही आगामी राजनीतिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकेगा।

## PM SHRI JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA TITRAM, DISTRICT KAITHAL (HARYANA)

NAVODAYA VIDYALAYA SAMITI

PM SHRI

**NOTIFICATION FOR ADMISSION OF STUDENTS TO CLASS-XI AGAINST VACANT SEATS DURING THE SESSION 2026-27**

As envisaged in National Policy of Education (NEP), 1986, Govt. of India has set up co-educational, fully residential institutions named Jawahar Navodaya Vidyalayas in 35 State / UTs excluding T. Nadu. At present 689 such Vidyalayas have been sanctioned.

The main objective of these Vidyalayas is to provide good quality modern education including a strong component of culture, inculcation of moral values, awareness of the environment, adventure activities and physical education to the talented children predominantly from the rural areas, irrespective to their family's socio-economic condition. It is proposed to fill up likely vacant seats available in Class-XI in JNVs.

Applications are accordingly invited from eligible students for admission to Class XI against the vacant seats likely to be available in JNVs during the academic year 2026-27. Admission will be made on the basis of performance of students in Class X Board Examinations conducted by CBSE/State Education Board.

**ELIGIBILITY**
- Date of birth of the candidate must be between 01.06.2009 to 31.07.2011 (both dates are inclusive).
- The candidate must have passed Class X from a recognized school (affiliated to CBSE or any other State Education Board) of the district where the Jawahar Navodaya Vidyalaya is located during the academic session 2025-26.
- Only a student securing 60% or above (First class) in class X is eligible to apply.
- The candidate opting for Science Stream must have at least 60% marks in Science subject and candidate opting for Mathematics in any stream must have at least 60% marks in Mathematics in class X.

**SELECTION CRITERIA**
Preference will be given to :
- Candidates from CBSE affiliated Schools
- If seats still remain vacant, candidate from other recognized State Boards may be considered, strictly in order of merit.
- Merit list will be prepared and students will be selected only against the vacancies based on the marks obtained in class X.
- Stream wise merit list will be prepared for a JNV in accordance with the criteria decided by the Samiti.

**HOW TO APPLY**
Any eligible candidate can apply by submitting the application form through OFFLINE mode by visiting the JNV concerned or by obtaining application form from JNV concerned or downloading from the website www.navodaya.gov.in or the website of the JNV concerned. Candidates may submit the duly filled form on the Email Id of the JNV concerned or in physical form

**Email Id to submit the application form: jnvkaithal9@gmail.com**

**The last date to submit the APPLICATION FORM is 25th June, 2026.**

**सुविचार**

फूलों की सुगंध केवल वायु की दिशा में फैलती है, लेकिन अच्छे व्यक्ति की अच्छाई हर दिशा में फैलती है। - *अज्ञात*


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







7 हरियाणा के आदित्य, सिकंदर और ध्रुव ने फाइनल में बनाई जगह


**खबर संक्षेप**

## भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया



**धर्मशाला।** भारत ने अफगानिस्तान को पहले वनडे में 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। धर्मशाला में बारिश की वजह से 25-25 ओवर का मैच खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान की टीम 24.5 ओवर में 194 रन पर ऑलआउट हो गई। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 48 गेंदों में अपना नौवां वनडे शतक लगाया। 195 रन का पीछा कर रही भारत ने 22.5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। *खेल पेज भी देखें*

## आरएसएस सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन : भागवत



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन इसे सबसे ज्यादा गलत समझा जाता है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि बाहर से देखने पर संघ लोगों को अलग-अलग तरह का दिखाई देता है। कुछ लोग इसे अर्धसैनिक संगठन समझ लेते हैं, जबकि पारंपरिक युद्ध कलाओं को बढ़ावा देने के कारण यह एक बड़े जिम जैसा लगता है।

### मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का सफल टेस्ट

# 5000 किलोमीटर दूर से आ रही मिसाइल को मार गिराएगा

**यह तकनीक हासिल करने वाला भारत 5वां देश | समुद्री स्ट्राइक और डिफेंस स्किल को मिली मजबूती | आसमानी खतरे व समुद्र में छिपे दुश्मन से निपटना होगा आसान**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। डीआरडीओ ने 10 और 11 जून को लगातार 3 फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। इसमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल क्लास तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है। यह स्वदेशी तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट कर देती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 जून को टेस्टिंग की तस्वीरें एक्स अकाउंट पर शेयर की हैं। इसके साथ-साथ नेवल एंटी शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी टेस्ट किया गया। इसे भारत की समुद्री स्ट्राइक और डिफेंस स्किल को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत अब उन खास देशों के ग्रुप में शामिल हो गया है, जिनके पास ऑपरेशनल-लेवल की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता है। भारत से पहले यह तकनीक अमेरिका, रूस, इजराइल और चीन के पास थी।




### ऐसे समझें डिफेंस सिस्टम को

मल्टी लेयर्ड बीएमडी का काम दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल को उसके टारगेट तक पहुंचने से पहले ही मार गिराना है। यह कई लेवल पर काम करता है- जैसे पहले रडार मिसाइल का पता लगाते हैं। कमांड सेंटर खतरे का आकलन करता है। इसके बाद इंटरसेप्टर मिसाइल छोड़ी जाती है, जो हवा में जाकर दुश्मन की मिसाइल को नष्ट कर देती है। बात लेयर्ड मिसाइल डिफेंस की करें तो अगर पहली इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य को नष्ट नहीं कर पाती, तो दूसरी परत एक्टिव हो जाती है। यानी एक डिफेंस लेयर फेल हो जाए, तब भी दूसरी लेयर मौजूद रहती है।

### चरण दो का परीक्षण हो चुका

इससे पहले, भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम के चरण दो का सफलतापूर्वक फ्लाइट टेस्ट किया था। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के टेस्ट के तहत ओडिशा के धामरा स्थित लॉन्चिंग कॉम्प्लेक्स एलसी-4 से एक टारगेट मिसाइल लॉन्च की गई। यह मिसाइल दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल जैसी थी। जमीन और समुद्र पर तैनात वेपन सिस्टम रडार ने इसे डिटेक्ट किया और एडी इंटरसेप्टर सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया।

### क्या होती है इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल

आसान भाषा में इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल को बहुत लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल कहा जा सकता है। यह ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकती है। आमतौर पर 5,500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार कर सकती है। इसके अलावा यह परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम होती है। यह मिसाइल रॉकेट की तरह ऊपर अंतरिक्ष की ओर जाती है, फिर बहुत ऊंचाई से पृथ्वी की ओर लौटती है और बहुत तेज स्पीड से टारगेट पर हमला करती है। इसी वजह से इसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली रणनीतिक हथियारों में गिना जाता है।

**जनरल उपेंद्र 30 जून को हो रहे रिटायर**

# ले. जनरल धीरज सेठ होंगे अगले आर्मी चीफ

## दो माह पहले बने थे उप सेना प्रमुख

नई दिल्ली ▶▶| एजेंसी

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले आर्मी चीफ (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को उनकी नियुक्ति के लिए मंजूरी दी है। सेठ मौजूदा आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे। जनरल द्विवेदी का कार्यकाल 30 जून को खत्म होगा। उसी दिन सेठ भारत के 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे। सेठ अभी उप सेना प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) के पद पर हैं। उन्होंने दो महीने पहले, 1 अप्रैल को यह पद संभाला था। उप सेना प्रमुख भारतीय सेना के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी होते हैं। बतौर उप सेना प्रमुख धीरज सेठ आर्मी चीफ के साथ मिलकर सेना के कामकाज, सैन्य तैयारियों और नई तकनीक को शामिल करने जैसे अहम काम देखते हैं। सेना के संचालन और व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से चलाने की जिम्मेदारी भी उनके पास होती है।



भारत के 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे

■

**भारतीय सेना में लगभग चार दशक का अनुभव**

### चालीस वर्ष में कई जिम्मेदारियां संभालीं

दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन पाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को भारतीय सेना में लगभग चार दशक का अनुभव है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी सीमा और रेगिस्तानी इलाकों समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों में अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं। धीरज सेठ दक्षिण-पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं। वे उन चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर दो प्रमुख ऑपरेशनल कमानों का नेतृत्व किया है।

## अभिषेक बनर्जी के घर रात तीन बजे पुलिस की रेड



चार घंटे तक चला तलाशी अभियान

**कोलकाता (एजेंसी)।** ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित घर पर कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार देर रात 3 बजे छापा मारा। पुलिस टीम सेंट्रल फोर्स के जवानों के साथ पहुंची। पुलिस अधिकारी अंदर गए, जवान गेट के बाहर पहरा देते रहे। तलाशी अभियान करीब 4 घंटे तक चला। छापे की सूचना मिलते ही ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के घर आईं, थोड़ी देर रुकीं फिर वापस चली गईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी अभिषेक के पीए सुमित रॉय का पता लगाने के लिए की गई थी। सुमित के खिलाफ सालबोनी पुलिस स्टेशन में 'वित्तीय धोखाधड़ी' को लेकर केस दर्ज है।

## प्लेन के टॉयलेट में लगे स्पीकर से चार करोड़ का सोना जब्त



दो थैलियों में 24 सोने के बिस्कुट मिले

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद एयरपोर्ट पर के एक प्लेन से चार किलो सोना बरामद किया गया है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) के अधिकारियों ने प्लेन पर छापा मारा और प्लेन के टॉयलेट से बरामद किया। इंडिगो का यह प्लेन गुरुवार को दुबई से अहमदाबाद पहुंचा था। गोल्ड कौन लेकर आया था, इसकी जांच की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने प्लेन की जांच की। जांच के दौरान टॉयलेट में लगे स्पीकर बॉक्स के अंदर दो थैलियां मिलीं। इन थैलियों में 24 सोने के बिस्किट्स रखे हुए थे। इन 999 कैरेट के बिस्कुटों की मार्केट वैल्यू 4 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

# राम मंदिर के कर्मचारी के घर मिले 10 लाख रुपये

**गोबर के ढेर में छिपाए थे**

■

**राममंदिर चढ़ावे की जांच के लिए सीएम योगी ने एसआईटी बनाई**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे के 7 करोड़ रुपये की चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सीएम योगी से चोरी के दावे की जांच के लिए एसआईटी का गठन करने का निर्देश दिया है। इधर, मंदिर के कर्मचारी लवकुश मिश्रा (27) के घर से 10 लाख रुपये बरामद हुए हैं। उसने रुपये गोबर में दबाकर छिपाए थे। इसके अलावा, कुछ पैसे बक्से में भी रखे थे। हालांकि, ये रुपए किसके हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं लवकुश के पिता ने भी रुपये मिलने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, लवकुश मंदिर में चढ़ावे की रकम गिनने का काम करता था। लवकुश की नौकरी उसके ससुर ने लगवाई थी। लवकुश का साला अनुकल्प मिश्रा पहले से मंदिर में नौकरी कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, अनुकल्प और लवकुश दोनों अभी पुलिस हिरासत में हैं। लवकुश अयोध्या के रुदौली क्षेत्र के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव का रहने वाला है।

## कैबिनेट की बैठक 22 को बड़े फैसलों पर मुहर संभव

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने मंत्रिपरिषद की अगली बैठक 22 जून को बुलाने का फैसला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के मंत्रिमंडल अनुभाग द्वारा जारी नोटिस के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में यह बैठक 22 जून 2026 सोमवार को सुबह 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ के मुख्य सभा कक्ष के चौथी मंजिल पर आयोजित होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी आदेश में सभी कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों तथा संबंधित अधिकारियों को बैठक की सूचना भेज दी गई है। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े प्रस्तावों, नीतिगत फैसलों और प्रशासनिक मामलों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं, आगामी वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रस्तावों, भर्ती प्रक्रियाओं, कृषि, उद्योग तथा बुनियादी ढांचा विकास से जुड़े विषयों पर विचार किया जा सकता है।

■

**नीतिगत फैसलों और प्रशासनिक मामलों पर चर्चा होने की संभावना**

## असम में 18 प्लस उम्र वालों का नहीं बनेगा आधार कार्ड

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने अवैध घुसपैठ रोकने के लिए आधार कार्ड के नियम सख्त कर दिए हैं। अब राज्य में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को नया आधार कार्ड नहीं मिलेगा। सरकार का कहना है कि इसका मकसद अवैध बांग्लादेशियों को आधार कार्ड हासिल करने से रोकना है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। सीएम सरमा ने कहा कि 18 साल से ज्यादा उम्र के किसी व्यक्ति को आधार कार्ड लेने के लिए विशेष मंजूरी लेनी होगी। चाय बागान समुदाय, एसटी, एससी और दिव्यांग लोगों को इस नियम से 1 अप्रैल 2027 तक छूट मिलेगी।

सरकार बोली- अवैध घुसपैठियों को रोकना मकसद

**एससी-एसटी और दिव्यांगों को 2027 तक छूट**

### कॉन्स्टेबल के 5500 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

## एचएसएससी उम्मीदवारों के लिए खुशखबरी परीक्षा के दिन रोडवेज में फ्री कर सकेंगे सफर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) की भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है। आयोग द्वारा आयोजित सभी लिखित परीक्षाओं, स्किल टेस्ट, फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट (पीएसटी) में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स अब हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। यह छूट उन्हें सिर्फ परीक्षा वाले दिन ही मिलेगी। इस संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से 13 जून को आदेश जारी किए गए हैं। शनिवार को आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने अपने एक्स अकाउंट पर इसकी जानकारी शेयर की। पुलिस में कॉन्स्टेबल के 5500 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। अभी इसकी लिखित परीक्षा होनी बाकी है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मुफ्त यात्रा सुविधा देने के फैसले को मंजूरी मिल चुकी है। इसके साथ ही आदेश की कॉपी परिवहन विभाग को भी भेजी गई है, ताकि परीक्षाओं के दौरान उम्मीदवारों के लिए जरूरी बसों और अन्य व्यवस्थाओं का प्रबंध किया जा सके।

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने बदला सिंगल बेंच का फैसला

# 10 साल तक नौकरी नियमित करने का अधिकार नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को बड़ी राहत देते हुए उन कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है, जिनके पक्ष में एकल पीठ ने नियमित करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि केवल दस वर्ष की सेवा पूरी कर लेने मात्र से किसी कर्मचारी को नियमित किए जाने का स्वतः अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता। प्रत्येक कर्मचारी के मामले की अलग-अलग जांच करनी होगी और यह देखना होगा कि वह संबंधित नियमितीकरण नीति की शर्तों को पूरा करता है या नहीं। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने हरियाणा सरकार द्वारा दायर अपील का निपटारा करते हुए एकल पीठ के आदेश में संशोधन किया। मामले में एकल पीठ ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके नियमितीकरण का निर्देश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने खंडपीठ के समक्ष तर्क रखा कि एकल पीठ ने प्रत्येक कर्मचारी के तथ्यों और पात्रता की अलग-अलग समीक्षा नहीं की।



### सभी शर्तें पूरी करना जरूरी

राज्य की ओर से कोर्ट में कहा गया कि किसी कर्मचारी द्वारा दस वर्ष की सेवा पूरी कर लेना अपने आप में नियमितीकरण का आधार नहीं हो सकता। नियमितीकरण तभी संभव है जब कर्मचारी सरकार द्वारा बनाई गई नीति के दायरे में आता हो और उसकी सभी शर्तें पूरी करता हो।

### निर्देश संशोधित करना आवश्यक

सुनवाई के दौरान अदालत ने उल्लेख किया कि नियमितीकरण योजनाओं की वैधता और उनकी व्याख्या का मुद्दा पहले भी न्यायालयों के समक्ष आ चुका है। विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में मदन सिंह बनाम हरियाणा राज्य मामले में इस विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। इसके अलावा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट भी आस मोहम्मद बनाम हरियाणा राज्य सहित कई मामलों में इस संबंध में दिशा-निर्देश दे चुका है। एकल पीठ द्वारा सीधे नियमितीकरण का दिया गया निर्देश संशोधित किया जाना आवश्यक है।




## खबर संक्षेप

### मजदूरों के नाम पर फर्जीवाड़ा कर 32 ट्रैक्टर हड़पने वाला गिरफ्तार

**सिरसा।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसानों व मजदूरों के नाम पर 32 ट्रैक्टर खरीदने और हड़पने के मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी प्रदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि सीएचएन इंडस्ट्रियल कंपनी में कार्यरत जसवीर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि रिसालियाखेड़ा निवासी सूर्याप्रकाश कंपनी में रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर ट्रैक्टर लोन करवाने का काम करता था। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मजदूर वर्ग के लोगों के नाम पर फर्जी कागजात तैयार किए। आरोपियों ने ऐलनाबाद की सतगुरु ऑटोमोबाइल्स एजेंसी से तीन तथा डबवाली क्षेत्र की विभिन्न एजेंसियों से 29 ट्रैक्टर निकलवाकर आगे बेच दिए। शिकायत के आधार पर थाना ऐलनाबाद में तीन व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने अहम सुराग जुटाते हुए आरोपी कुलदीप सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। अदालत से आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### विदेशी हथियारों की कॉपी बनाने वाला तस्कर काबू

**गुरुग्राम।** पुलिस ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार नेटवर्क गिरोह का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी जगत सिंह को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी जगत सिंह पिछले 30 सालों से अवैध रूप से हथियार बना रहा था और विदेशी पिस्तौल की हूबहू कॉपी तैयार करने में माहिर था। क्राइम यूनिट ने यह कार्रवाई गुरुग्राम में पहले पकड़े गए आरोपी योगेश और उसके बाद उत्तरप्रदेश के जसवीर से मिली जानकारी के आधार पर की। जगत सिंह, मध्य प्रदेश के एक कमरे में अवैध रूप से हथियार बनाकर देश के कई राज्यों में उनकी आपूर्ति करता था। वह हथियारों को 15 से 20 हजार रुपये में बेचता था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पानीपत थर्मल टाउनशिप से एक्सईएन के 12 वर्षीय बेटे का अपहरण

# पानीपत से बच्चे का अपहरण करने वाले दो बदमाशों का रोहतक में एनकाउंटर

**11** घंटे के भीतर पैर में गोली मारकर दो को दबोचा, एक महिला भी काबू

**1.5** करोड़ रुपये की फिरौती बदमाशों ने मांगी थी

**1** लाख रुपये का इनाम डीजीपी ने टीम को दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पुलिस ने पानीपत से एक बच्चे का अपहरण करने वाले बदमाशों का रोहतक में एनकाउंटर कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। कार सवार दो बदमाशों व उनकी महिला मित्र ने शुक्रवार शाम पांच बजे पानीपत थर्मल पावर स्टेशन की टाउनशिप निवासी हरियाणा बिजली उत्पादन निगम की कार्यकारी अभियंता सुनीता पत्नी समीर के 12 वर्षीय बेटे कबीर का अपहरण कर लिया था। अपहणकर्ता कबीर को पहले उत्तरप्रदेश ले गए और वहां से सुनीता को व्हाट्सएप कॉल कर डेढ़ करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। सुनीता की सूचना पर पानीपत पुलिस की सीआईए टू सक्रिय हो गई। पुलिस जांच में बदमाशों की लोकेशन रोहतक के किलोई क्षेत्र में मिली। सीआईए टू ने गोहाना व थाना सदर रोहतक पुलिस के सहयोग से अपहरणकर्ताओं को घेर लिया। पुलिस को आता देख अपहणकर्ताओं ने कबीर को चलती कार से नीचे फेंक दिया और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी है। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें कबीर के अपहरणकर्ता विशाल निवासी थर्मल कॉलोनी और आदेश निवासी सुंदर नगर पानीपत के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने विशाल व आदेश के अलावा उनकी दोस्त शारदा निवासी गांव भराण, जिला रोहतक को गिरफ्तार किया। चलती कार से फेंके जाने के कारण घायल हुए कबीर को अस्पताल में भर्ती करवाया, वहीं आरोपी विशाल व आदेश को पीजीआई ले जाया गया। गौरतलब है कि कबीर के पिता भी जयपुर में बड़े पद पर हैं। इसलिए घर के किसी भेदी को उम्मीद थी कि यह डेढ़ करोड़ रुपये दे सकते हैं। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए करीब 11 घंटे में बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

दूसरी ओर, हरियाणा पुलिस के महानिदेशक अजय सिंघल ने कबीर को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़वाने वाली टीम को एक लाख रुपये की नगदी का पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की।



**पानीपत।** अस्पताल में भर्ती अपहरण के आरोपी।

#### एक आरोपी की तलाश

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अपहरण कांड में शामिल इनके एक साथी छात्र की तलाश की जा रही है। अपहरणकर्ताओं से कबीर के अपहरण में प्रयोग की गई गाड़ी, दो पिस्टल, दो चाकू बरामद किए हैं। वहीं, अपहरणकर्ताओं की कोई क्राइम हिस्ट्री नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि कबीर को गाड़ी में घूमने और गाड़ी चलाने का शौक है। इस बात का अपहरण में शामिल छात्र को पता था। शुक्रवार शाम को यही छात्र बच्चे को घर से गाड़ी में घूमाने के बहाने लेकर बाहर की ओर आया था। इसके बाद बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी कबीर का अपहरण कर कार को यूपी की ओर ले गए। यूपी से ही व्हाट्सएप कॉल पर फिरौती की मांग की गई थी। ताकि पुलिस को यूपी की लोकेशन पर गुमराह किया जा सके। रात भर बदमाश गाड़ी को इधर-उधर घुमाते रहे और फिर रोहतक की ओर ले गए।

### कैथल पुलिस की अलसुबह बदमाशों के साथ मुठभेड़

# होटल में वारदात के 3 घंटे बाद ही 3 बदमाशों के पैर में मारी गोली

- दुकान से 40 हजार लूटे, स्कूटी छीनी, एक आरोपी फरार, 3 अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हथियारों से लैस चार युवकों ने कलायत क्षेत्र में एक होटल में लूटपाट का प्रयास किया। इसके बाद कैथल में एक युवक से बंदूक के बल पर स्कूटी व नकदी छीन ली। पुलिस को सूचना मिलने के बाद करीब 3 घंटे के भीतर ही इनमें से तीन बदमाशों का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में इनके पैर में गोली मारी गई है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया।

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार, सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत, एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश, सीआईए-1 कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की टीमों द्वारा स्कूटी पर सवार चार युवकों को भैणी माजरा शुगर मिल के पास घेर लिया। युवकों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी तथा अलग-अलग दिशाओं में भाग गए। एएसआई मनीष कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव खांडा खेड़ी जिला जींद निवासी साहिल को मुठभेड़ उपरांत काबू किया गया। इस दौरान साहिल के दोनो पैरों में गोली लगी।

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव खांडा खेड़ी जिला जींद निवासी साहिल अंकित को काबू किया, जिसके पैर में गोली लगी। इसी प्रकार से एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव मीरपुर जिला हिसार निवासी अशोक उर्फ गोलू को पैर में गोली लगने उपरांत काबू किया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### विरोध होने पर होटल से भागे



अलसुबह बदमाश हथियारों के साथ सहारण होटल में घुसे। उन्होंने मौजूद कारीगरों के साथ मारपीट की। होटल मालिक राम नरेश ने नौकरों और ग्राहकों के साथ उनका सामना किया तो वे भाग गए। फिर आरोपियों द्वारा बलराज नगर कैथल में एक युवक से स्कूटी सहित नकदी छीनी गई। इन्होंने रात में ही अग्रोहा की एक दुकान से 40 हजार भी लूटे। आरोपियों द्वारा 15-20 दिन पहले चंडीगढ़ में 20 हजार व 50 हजार रुपये लूटे गए थे।

## हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से पूर्व फौजी सहित दो की मौत

- किराएदार बालकनी साफ करते हुए करंट के संपर्क में आया, बचाने गए रि. सूबेदार मेजर की भी जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के लाडवा रोड स्थित शंकर कॉलोनी में शनिवार को हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आने से पूर्व फौजी समेत दो लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। मरने वालों की पहचान पृथ्वी सिंह (62) निवासी कैंथला और शमशेर सिंह (42) हाल निवासी बीड़ मथाना शेखपुरा के रूप में हुई। पृथ्वी सिंह भारतीय सेना से सूबेदार मेजर के रैंक से रिटायर थे, जबकि उनका किराएदार शमशेर सिंह ऑटो चलाता था। शमशेर सिंह पास के गांव कैंथला का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार शमशेर सिंह ने शुक्रवार को शंकर कॉलोनी में किराए पर एक कमरा लिया था। यह कमरा उसे पृथ्वी सिंह ने दिलवाया था। शमशेर सिंह अपने किराये के कमरे की बालकनी की सफाई कर रहा था। इसी दौरान बालकनी के बेहद नजदीक से गुजर रही 11 केवी हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में वह आ गया। करंट लगते ही शमशेर सिंह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर तड़पने लगा। शमशेर सिंह को बचाने के प्रयास में पास खड़े पृथ्वी सिंह ने उसे पकड़ लिया, लेकिन वह भी तेज करंट की चपेट में आ गया। दोनों बालकनी से नीचे गिर गए। कुछ ही क्षणों में दोनों की हालत गंभीर हो गई। परिजन और आसपास के लोग तुरंत दोनों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने रिहायशी क्षेत्र के पास से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली लाइनों को लेकर चिंता जताई है।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े लोग।

# नूंह में खड़े कैंटर से टकराई कार, मां-बेटा व बेटी सहित 4 की मौत

- परिवार का मुखिया व एक 4 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर थाना सदर फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में बघौला के पास एक कार अलसुबह 6:35 बजे सड़क किनारे खड़े केले से भरे कैंटर से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला जा सका। हादसे में पूनम (37), 16 वर्षीय बेटी खुशी, 12 वर्षीय बेटा डूग्गी निवास थाना आमेर, जयपुर और 26 वर्षीय केशव निवासी कोटपुतली की मौके पर ही मौत हो गई। पूनम के पति जवाहर (55) और साढ़े तीन वर्षीय बेटा चेतन गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। यह परिवार जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि करीब 15 दिन पहले पूनम के पिता का कैंसर के कारण निधन हुआ था।



स्थानीय लोगों का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर वाहनों की अवैध पार्किंग लगातार हादसों का कारण बन रही है। यदि खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और निगरानी की व्यवस्था होती तो शायद हादसा टल सकता था।

## रिटायर्ड फौजी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**पलवल।** गांव मित्रोल में शुक्रवार रात एक 61 वर्षीय रिटायर्ड फौजी ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिवार को शनिवार सुबह लगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान श्याम चरण के रूप में हुई है, जो अपने बेटे विक्रांत के साथ गांव में परचून की दुकान चलाते थे। विक्रांत ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे उनके पिता अपने कमरे में सोने चले गए थे। शनिवार सुबह 9 बजे जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान और गेट पर ताला लगा हुआ था। विक्रांत ने पिता को आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह दूसरे कमरे की छत के रास्ते दुकान के पास बने कमरे में पहुंचा, जहां उसने अपने पिता श्याम चरण को मृत अवस्था में पाया। बताया जा रहा है कि वे मानसिक तनाव में थे।

## चंडीगढ़ पीजीआई के पास मेडिकल स्टोर पर कैशियर की गोलियां मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

शनिवार दोपहर चंडीगढ़ पीजीआई के पास सेक्टर-11 स्थित श्री कुमार मेडिकल स्टोर पर दो अज्ञात बदमाशों ने कैशियर की गोलियां मारकर हत्या कर दी। दोनों ने मास्क लगाया हुआ था और वे ग्राहक बनकर आए थे। करीब 21 सेकंड तक दुकान में रुके। उनमें से एक ने ऑटोमैटिक गन से एक सेकंड के अंदर 13 गोलियां चलाकर कैशियर की जान ले ली। मृतक की पहचान हिमाचल प्रदेश के शिमला में रोहड़ निवासी जानकी दास (55) के रूप में हुई है। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं, हमले की जिम्मेदारी राणा ढिल्लों और गोल्डी ढिल्लों ग्रुप ने ली है।



चंडीगढ़। मेडिकल स्टोर में मौजूद हमलावर नकाबपोश दोनों युवक

#### ढिल्लों व गोल्डी ग्रुप ने ली जिम्मेदारी

इस संबंधी एक सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हुई है, जिसमें लिखा है- सत श्री अकाल सभी को। आज जो सेक्टर-11 में कुमार ब्रदर्स का मर्डर हुआ है। उसकी जिम्मेदारी मैं राणा ढिल्लों और गोल्डी ग्रुप लेते हैं। साथ ही वार्निंग है कि जो लॉरेंस लीर व उसकी गैंग, मेरा व मेरे भाइयों को नुकसान पहुंचाने को कहती है, वह अपनी तैयारी में रहे। जितने भी लोग लॉरेंस को पैसे देंगे व उनका साथ देंगे, वह अपनी तैयारी में रहें।

**ग्राम पंचायत सिरसाढ़**

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिरसाढ़ में पंचायती भूमि पर 97 वृक्षों (सफेदों) की बोली दिनांक 22.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे जनरल चौपाल में की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत सिरसाढ़ से सम्पर्क कर सकते हैं। जमानत राशि रु. 50,000/- होगी। मोबाइल नं. 7988232582

हस्ता/- पूनम, सरपंच, ग्राम पंचायत सिरसाढ़, खण्ड मुण्डलाना, तह. गोहाना (सोनीपत)

**सार्वजनिक सूचना**

बा अदालत सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
जगबीर सिंह आदि बनाम
सुशील दहिया आदि

To, 1. सुशील दहिया पुत्र किताबो देवी पुत्री शेर सिंह निवासी कर्वाटर नंबर-6, सिविल अस्पताल कॉम्पलेक्स, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, 2. अंगूरी पुत्री खजानी पुत्री मेहर सिंह, 3. बीर सिंह पुत्र खजानी पुत्री मेहर सिंह, 4. मखन लाल पुत्र कांशीराम, 5. राजबाला पत्नी जोगिन्द्र पुत्र रघबीर, 6. मनमोहन पुत्र हंसराज पुत्र दोलूराम, 7. राजकला पत्नी आनंद सिंह पुत्र कन्हैया लाल सभी निवासीयान गांव मोहनबाड़ी, तहसील मातनहेल, जिला झज्जर, 8. भतेरी पत्नी रामबीर पुत्र नंदन सिंह निवासी गांव निमडी, जिला अलवर, राजस्थान, 9. राजबाला विधवा सतबीर पुत्र मेवा, 10. जितेंद्र पुत्र सतबीर पुत्र मेवा, सभी निवासीयान गांव खांडा-सेहरी, तहसील खरखौदा, जिला सोनीपत
जगबीर सिंह आदि ने आपके विरुद्ध दरखास्त तकसीम बाबत खेवट नंबर 151 // 130 मौजा सराय औरंगाबाद दायर की हुई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 13/07/26 को दिन में 09:00 बजे दरखास्त का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए तलब किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे पलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से संबंधित सारवन प्रश्नों का उतर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उतर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादी की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह तारीख 10/06/26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ़

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## चरित्र के शक में हथौड़ा मारकर कैथल निवासी पत्नी की हत्या

**गुरुग्राम।** चरित्र पर शक के चलते एक व्यक्ति ने हथौड़े से हमला कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी के सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ने खुद गुरुग्राम पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पति लाश के पास ही बैठा हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। शनिवार को इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। मृतका की पहचान फर्रुखनगर में प्रताप कॉलोनी निवासी पूजा (30) के रूप में हुई है। पूजा मूल रूप से कैथल की रहने वाली थी और करीब 15 साल पहले उसकी शादी नायब से हुई थी। नायब ईंट सप्लाई का काम करता है। दंपति का एक 10 वर्षीय बेटा भी है। परिवार काफी समय से फर्रुखनगर में रह रहा था।



## तीन नशा तस्करों के अवैध कब्जों पर शाहबाद में चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शाहबाद में नशा तस्करी से जुड़े तीन व्यक्तियों द्वारा किए गए अवैध कब्जों और अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुनील कुमार के नेतृत्व में एन्टी नारकोटिक सेल, थाना प्रबंधक शाहबाद, चौंकी शाहबाद व सीआईए सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने भाग लिया। तहसीलदार शाहबाद नवनीत कुमार बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। उनके साथ पीडब्ल्यूडी विभाग से एसडीओ करनैल सिंह, नगर पालिका शाहबाद के सचिव मौजूद रहे। डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी विशाल के खिलाफ थाना शाहबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत 2 मामले दर्ज हैं तथा 1 मामला मारपीट का दर्ज हैं। आरोपी गुलशन उर्फ बोंदु वासी डेहा कॉलोनी के खिलाफ 4 मामले एनडीपीएस एक्ट के, 1 मामला आबकारी अधिनियम तथा 1 मामला धोखाधड़ी का दर्ज हैं।



अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी।

## डंपर की टक्कर से स्कॉर्पियो में जिंदा जले भिवानी के दो युवक

**भिवानी।** भिवानी के दो युवकों की मध्यप्रदेश के जबलपुर में शनिवार शाम एक हादसे में जान चली गई। तेज रफ्तार हाईवा डंपर और स्कॉर्पियो की टक्कर में स्कॉर्पियो में आग लग गई, जिसमें दोनों युवक जिंदा जल गए। मृतकों की पहचान बौंद कलां निवासी प्रवीन शर्मा और खेड़ी बूरा निवासी मोनू शर्मा के रूप में हुई है। स्कॉर्पियो रोहतक निवासी गौरव कुमार की थी, जो मोटर कार के कारोबार से जुड़ा है। मोनू और प्रवीन ड्राइवर के रूप में काम करते थे। दोनों काम से रायपुर गए थे। वहां से वापस रोहतक लौट रहे थे। पुलिस ने वाहन मालिक को सूचना दे दी है, जबकि मृतकों के परिजन भिवानी से जबलपुर के लिए रवाना हो चुके हैं।

## शब्द पहेली - 6256



**बाएँ से दाए**

1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6255 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |



## पीएम मोदी ने की नई पीढ़ी के योगदान की प्रशंसा

# युवा भारतीय देश और दुनिया के भविष्य को दे रहे आकार

### पीएम ने कहा कि भारत के युवा विज्ञान और तकनीक से लेकर विनिर्माण, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और ड्रोन जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ रहे हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि एनडीए सरकार युवाओं के नेतृत्व वाले विकास को मजबूत रूप से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि युवा भारतीय उन क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं जो हमारे देश और दुनिया के भविष्य को आकार देंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हाल ही में 12 साल पूरे किए हैं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देश के युवाओं के लिए सरकार की योजनाओं, प्रयासों और उपलब्धियों को गिनाया है।

**भारत दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप डेस्टिनेशन में से एक**

सरकार युवाओं के नेतृत्व वाले विकास को दे रही मजबूती


पीएम नरेंद्र मोदी

### उद्यमशीलता को दिया बढ़ावा

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि एनडीए सरकार युवाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए मजबूती से काम कर रही है। पिछले 12 वर्षों की एक खास बात यह रही है कि भारत के युवाओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। 'स्टार्टअप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्किल इंडिया' और 'अटल इनोवेशन मिशन' जैसी पहलों के जरिए एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार हुआ है जो नवोन्मेष, उद्यमिता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है।

### छोटे कस्बों और गांवों से आगे आए युवा

पीएम ने लिखा कि आज भारत दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप डेस्टिनेशन में से एक है और इनमें से कई सफलता की कहानियां हमारी युवा शक्ति लिख रही है, और वह भी छोटे कस्बों और गांवों से। पीएम ने कहा कि भारत के युवा विज्ञान और तकनीक से लेकर विनिर्माण, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और ड्रोन जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। युवा भारतीय उन क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं जो हमारे देश और दुनिया के भविष्य को आकार देंगे।

### खेलों में भी बढ़ा रहे देश का गौरव

पीएम मोदी ने खेल जगत में युवाओं ने प्रदर्शन को सराहा। उन्होंने लिखा कि हमारे युवाओं ने खेल के क्षेत्र में भी देश का मान बढ़ाया है। कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में युवा भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार देश का गौरव बढ़ाया है। पीएम मोदी ने कहा कि खेलों का मजबूत इकोसिस्टम, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों को मिलने वाला अधिक समर्थन युवा प्रतिभाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है और उन्हें खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

## यूपी के युवक ने पीएम को लिखा भावुक पत्र

# कहा- आप राष्ट्र की 'अमूल्य' धरोहर, करोड़ों के प्रेरणा स्त्रोत



**कानपुर।** यूपी के एक युवा प्रतियोगी परीक्षा आकांक्षी ने पीएम नरेंद्र मोदी को एक भावुक पत्र लिखकर वैश्विक अस्थिरता, संघर्षों और उनसे उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच उनके नेतृत्व पर अटूट विश्वास व्यक्त किया है। कानपुर निवासी आशुतोष यादव ने अपने पत्र में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। ऐसे समय में पीएम मोदी द्वारा आत्मनिर्भरता, संयम और राष्ट्रीय हित पर दिया जा रहा जोर करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है। यादव ने लिखा कि आप केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशा, विश्वास और प्रेरणा के प्रतीक हैं। आप इस राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। हम कठिनाइयों का सामना कर लेंगे लेकिन भारत के स्वाभिमान, पहचान और संप्रभुता को कभी आंच नहीं आने देंगे।

## खबर संक्षेप

### गुरदासपुर व दीनानगर में कांग्रेस, शाम चौरासी में 'आप' को मिली जीत

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब में शनिवार को हुए चार नगर परिषदों के चुनावों में कांग्रेस ने गुरदासपुर और दीनानगर में जीत दर्ज की, जबकि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने शाम चौरासी नगर परिषद चुनाव में विजय हासिल की। वहीं, कादियां नगर परिषद में शिअद सबसे बड़ा दल बनकर उभरा। गुरदासपुर जिले की गुरदासपुर, दीनानगर और कादियां नगर परिषदों तथा होशियारपुर जिले की शाम चौरासी नगर परिषद के लिए शनिवार को मतदान हुआ था।

### पटियाला में लिवर संक्रमण का प्रकोप, 27 प्रभावित

**पटियाला।** पटियाला के डोगरा मोहल्ला क्षेत्र में हेपेटाइटिस ए के मामलों की संख्या 27 तक पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य विभाग को आशंका है कि दूषित पेयजल और सीवेज मिश्रित पानी इस संक्रमण की मुख्य वजह हो सकता है। कई मरीज अस्पताल में भर्ती हैं जबकि बाकी लोगों की निगरानी की जा रही है।

### गोवा सीएम के काफिले में घुसी एसयूवी, 5 गिरफ्तार

**पणजी।** उत्तरी गोवा में सीएम प्रमोद सावंत के काफिले में एक अज्ञात एसयूवी के घुसने के बाद पुलिस ने एक कांस्टेबल समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया। यह घटना गुरुवार रात अमोनो में उस समय हुई, जब सीएम संखेलिम से पणजी जा रहे थे। गाड़ी में सवार लोग शराब के नशे में पाए गए।

## पूर्ववर्ती ममता सरकार पर सीएम सुवेंदु अधिकारी का बड़ा एक्शन

## विस्तृत जांच के बाद किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

# बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट पर 635 करोड़ के भुगतान की होगी जांच

### सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि उनकी सरकार पूरे मामले की विस्तृत जांच कराएगी और यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आती है तो किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को पूर्ववर्ती ममता बेनर्जी सरकार के कार्यकाल में आयोजित बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) को लेकर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सम्मेलन के आयोजन के नाम पर 635 करोड़ रुपए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को भुगतान किए गए थे। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार पूरे मामले की विस्तृत जांच कराएगी और यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आती है तो किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। कोलकाता के न्यूटाउन स्थित विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व 12वर्ष पूरे होने और राज्य सरकार के एक मास पूरे होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सीएम ने यह बात कही।

**दावों के अनुरूप** जमीनी स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं दिखा

**पता करेंगे** राशि किन मदों में खर्च की गई, वास्तविक उपयोग क्या रहा

### भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता मामलों में ढिलाई नहीं देंगे


सीएम सुवेंदु अधिकारी


पूर्व सीएम ममता बेनर्जी

सीएम ने आरोप लगाया कि बीजीबीएस के आयोजन के नाम पर 635 करोड़ रुपए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को भुगतान किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार यह पता लगाएगी कि यह राशि किन मदों में खर्च की गई, उसका वास्तविक उपयोग क्या था और भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता हुई या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी। कानून के दायरे में आने वाले किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक पहचान या प्रभाव के आधार पर राहत नहीं मिलेगी।

### कल्याण बनर्जी के बदले सुर

#### अभिषेक बनर्जी को बताया बेटे समान

हाल ही में कल्याण बेनर्जी ने ममता बेनर्जी को अल्टीमेटम दिया था कि वे अपने भतीजे अभिषेक बेनर्जी और उनमें से किसी एक को चुन लें। हालांकि अब कल्याण बेनर्जी के सुर बदले नजर आ रहे हैं और ताजा बयान में उन्होंने कहा कि अभिषेक बेनर्जी मेरे बेटा जैसा है। पिता का कर्तव्य है कि वह बेटे की सभी गलतियों को माफ कर दे। ...

#### अब सांसद सुदीप बंदोपाध्याय हुए बागी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदीप बंदोपाध्याय शनिवार को बागी सांसद शताब्दी रॉय के साथ दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर पहुंचे।

## इंडी गठबंधन में दिखी दरार

# पूर्व सीएम का आरोपः भाजपा को फायदा पहुंचाते हैं राहुल


पूर्व सीएम पी. विजयन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

### राहुल का राजनीतिक रवैया कतई ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व सीएम पी. विजयन ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी की आलोचना करते हुए विजयन ने कहा कि उनका राजनीतिक रवैया विपक्षी इंडी गठबंधन को मजबूत नहीं करता बल्कि कई बार इसका फायदा भाजपा को मिलता है। राहुल गांधी ने हाल ही में इंडी गठबंधन की बैठक में पी विजयन को राजनीतिक प्रतिद्वंदी होने के कारण गले न लगाने की बात कही थी। राहुल गांधी के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विजयन ने कहा कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन किसे गले लगाता है।

### पीएम से मिले गले, विजयन से बनाई दूरी

विजयन ने कहा कि आज जो स्थिति बनी है, वह कांग्रेस और खासकर राहुल गांधी के रवैये की वजह से बनी है। उनका रवैया इंडी गठबंधन को मजबूत नहीं करता। जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूं, इससे अक्सर भाजपा को फायदा मिलता है। राहुल गांधी अपने ऐसे कदमों से अनजाने में भाजपा के हितों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।सीपीआई (एम) के महासचिव एमए बेबी ने राहुल गांधी और कांग्रेस से सवाल किया कि जब राहुल गांधी पीएम मोदी को गले लगा सकते हैं, तो फिर सियासी मतभेदों का हवाला देकर केरल के पूर्व सीएम विजयन से दूरी क्यों बनाते हैं।

## पतंजलि ने किया शंखनाद : प्रशासनिक नेतृत्व निर्माण के लिए पतंजलि सिविल सेवा अकादमी का शुभारंभ



**हरिद्वार।** पतंजलि ने भारतीय संस्कृति, आधुनिक विज्ञान और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत आईएएस, आईपीएस एवं अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के निर्माण के उद्देश्य से पतंजलि सिविल सेवा अकादमी के शुभारंभ (शंखनाद) की घोषणा की है। यह अभिनव पहल प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक प्रशासनिक आवश्यकताओं के समन्वय द्वारा भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी। अकादमी का उद्देश्य केवल सफल प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना ही नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना भी है जो भारत माता की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानें। इस दिशा में अकादमी एक करोड़ समर्पित नागरिकों के निर्माण का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

## बचपन में हो गया था पोलियो, अब आईआईटी में पढ़कर अपने पैरों पर खड़ा होगा दिव्यांग सावन

### जेईई एडवांस्ड में हासिल की पीडब्ल्यूडी एआईआर-22



**कोटा।** दो वर्ष की उम्र में पोलियो के कारण कमजोर सावन कुमार अब आईआईटी में पढ़कर अपने पैरों पर खड़ा होगा। बिहार समस्तीपुर के विभूतिपुर गांव से एजुकेशन सिटी कोटा आकर पढ़े सावन कुमार ने कामयाबी की कहानी लिखी है। एलन स्टूडेंट सावन कुमार ने जेईई-एडवांस्ड में आल इंडिया रैंक 17532 हासिल की है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी कैटेगरी में एआईआर-22 और ओबीसी एनसीएल पीडब्ल्यूडी रैंक-9 हासिल की है। एलन ने सावन के संघर्ष व प्रतिभा को पहचानते हुए फीस में 80 प्रतिशत की स्कॉलरशिप प्रदान की। सावन ने जेईई मेन में 99.1473246 पर्सेंटाइल स्कोर किया था। सावन जब मात्र दो वर्ष का था तब पोलियो से ग्रस्त हो गया था। इसके कारण दोनों पैरों में लगभग 70 प्रतिशत लोकोमोटर डिसएबिलिटी विकसित हो गई, जिससे चलने में कठिनाई होती है, अभी भी चलने में परेशानी होती है। इस शारीरिक स्थिति को कभी कमजोरी नहीं बनने दिया। एलन के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि एलन हमेशा प्रतिभाशाली और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए तत्पर रहता है।

## राउत के बयान पर भड़की भाजपा

# नए स्तर पर पहुंच गई विपक्ष की हताशा, पीएम का किया अपमान


शहजाद पूनावाला संजय राउत

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) नेता संजय राउत की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी को 'अघोरी' कहे जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि विपक्ष की हताशा अब नए स्तर पर पहुंच गई है। संजय राउत ने केवल पीएम मोदी का ही नहीं, बल्कि गुजरात का भी अपमान किया है। राउत ने पुणे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि उन्होंने राजनीति में मोदी जैसा 'अघोरी' और क्रूर व्यक्ति पहले कभी नहीं देखा। पीएम का पूरा व्यक्तित्व डर पैदा करता है। मोदी उसी मिट्टी से आते हैं, जहां औरंगजेब का जन्म हुआ था। पूनावाला ने कहा कि ये बयान विपक्ष की हताशा का परिणाम है।अब 'नए स्तर' पर पहुंच गई है। अब वे सिर्फ पीएम मोदी और एक सांविधानिक पद का अपमान नहीं कर रहे, बल्कि पूरे गुजरात राज्य का भी अपमान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पहले भी मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं और राजनीतिक निराशा के कारण आज भी ऐसा कर रहे हैं।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून पर छाया अल नीनो का साया

# 25 राज्यों में 18 जून तक आंधी-पानी व ओलावृष्टि के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से आगे बढ़ रहे दक्षिण-पश्चिम मानसून और उत्तरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर से तटीय कर्नाटक तक गरज और चमक के साथ बारिश हुई है। साथ ही, अलग-अलग क्षेत्रों में 50-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान ने भी कहर बरपाया है। बिहार में बिजली गिरने से 10 लोगों की जान चली गई है, पंजाब में भी वर्षा जनित घटनाओं में 3 लोगों की जान चली गई है। मौसम में यह बदलाव कम से कम 18 जून तक जारी रहने की प्रबल संभावना है।

**50-70** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी तूफान आया

### बिहार में बिजली गिरने से 9 की मौत


हिमाचल प्रदेश के शिमला में बारिश

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यूपी और हरियाणा के कई जिलों में आंधी-तूफान और गरज के साथ बारिश हुई। राजस्थान में भी तेज हवाएं चलीं और छिटपुट बारिश दर्ज की गई। बिहार में बारिश के दौरान बिजली गिरने से खगड़िया में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि भागलपुर, मधेपुरा, सहरसा और भोजपुर जिलों में एक-एक की जान गई।

### उत्तर-पूर्वी हिस्से में बारिश और बर्फबारी

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, चंडीगढ़, पंजाब और छत्तीसगढ़ में भी व्यापक वर्षा हुई। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, झारखंड, ओडिशा और तटीय कर्नाटक में भारी बारिश दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश में रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। कुल्लू और लाहौल घाटी में झमाझम बारिश दर्ज की गई। केरल में कुछ जगहों पर 12-20 सेमी तक वर्षा रिकॉर्ड की गई। असम, बंगाल, त्रिपुरा और तमिलनाडु में कुछ जगहों पर 7-11 सेमी वर्षा हुई।



**भारत ने पहली बार अपने 12 परमाणु हथियारों को सक्रिय स्थिति में रखा है। अब देश के शस्त्रागार को केवल 'भंडारित' के बजाय 'परिचालन रूप से तैनात' माना गया है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम चीन और पाकिस्तान की ओर से बढ़ते खतरों के बीच भारत की द्वितीय-प्रहार क्षमता को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। अब हमारे पास 190 परमाणु बम हैं। हालांकि, 2003 में उद्घोषित की गई अपनी परमाणु सैन्य सुरक्षा रणनीति के तहत भारत अपनी तरफ से प्रथमतः न्यूक्लियर अस्त्रों का कदाचित इस्तेमाल नहीं करेगा। आज उच्च तकनीकी विकास, 'आत्म निर्भर भारत' व 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने स्थिति को पूरी तरह पलट दिया है। हथियारों व सैन्य उपकरणों के लिए बाहरी राष्ट्रों पर निर्भर रहने वाला भारत आज हथियार बाजार का एक बड़ा खिलाड़ी बन गया है। देश पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान स्टील्थ फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट या एएमसीए का स्वयं निर्माण करने जा रहा है। बेशक, रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत वैश्विक मंच पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित होने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है, लेकिन अभी भी देश को एक लंबा सफर तय करना है। आंकड़े बताते हैं कि सफर लंबा जरूर है, लेकिन मुश्किल नहीं है। *इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# आक्रामक हुई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति !





**विश्लेषण**
प्रभात कुमार राय
विदेशी मामलों के जानकार

> **क्या भारत अब रक्षात्मक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के स्थान पर आक्रामक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अनुसरण करेगा? यह यक्ष प्रश्न तब उभरा है, जबकि स्वीडन के स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट संक्षेप में एसआईपीआरआई द्वारा इस ज्वलंत तथ्य को उद्घाटित किया गया कि आधुनिक इतिहास में पहली दफा भारत द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों पर लैस करके 12 न्यूक्लियर अस्त्र-शस्त्रों को सक्रिय स्थिति में अपने सुरक्षात्मक मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है। अभी तक सभी बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर बम भारत के अलग-अलग गोदामों में सुरक्षित रखे गए थे। न्यूक्लियर बम की सक्रिय स्थिति में तैनाती के निर्णय को भारत की राष्ट्रीय सैन्य सुरक्षा रणनीति में बुनियादी बदलाव करार दिया गया है।**

विश्व पटल पर यक्ष प्रश्न उभरा है कि क्या भारत द्वारा अपनी परंपरागत राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का परित्याग कर दिया गया है? क्या भारत अब रक्षात्मक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के स्थान पर आक्रामक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अनुसरण करेगा? यह यक्ष प्रश्न तब उभर कर विश्व के सामने उपस्थित हुआ है, जबकि स्वीडन के स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट संक्षेप में एसआईपीआरआई द्वारा इस ज्वलंत तथ्य को उद्घाटित किया गया कि आधुनिक इतिहास में पहली दफा भारत द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों पर लैस करके 12 न्यूक्लियर अस्त्र-शस्त्रों को सक्रिय स्थिति में अपने सुरक्षात्मक मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है।

गौरतलब है कि एसआईपीआरआई विश्व स्तर पर आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्रों की खरीद फरोख्त और विश्व पटल पर अस्त्र-शस्त्रों के निर्माण पर खर्च की जाने वाली अकूत धन दौलत का जायजा लेने के लिए शोध कार्य अंजाम देता है। एसआईपीआरआई के बताए तथ्यों का भारत सरकार द्वारा कदाचित खंडन नहीं किया गया है। अतः अंतरराष्ट्रीय तौर पर इस तथ्य को स्वीकार कर लिया गया है कि अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन और उत्तरी कोरिया की तरह भारत ने भी अपने न्यूक्लियर बमों को बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ सन्नद करके अपने सैन्य सुरक्षा मोर्चों पर बाकायदा तैनात कर दिया है। अभी तक सभी बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर बम भारत के अलग-अलग अस्त्र शस्त्र सैन्य गोदामों में सुरक्षित रखे गए थे। न्यूक्लियर बम को सक्रिय स्थिति में तैनात करने के निर्णय को भारत की राष्ट्रीय सैन्य सुरक्षा रणनीति में बुनियादी बदलाव करार दिया जा रहा है।

## सुरक्षात्मक सैन्य रणनीति

राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के इस बदलाव से क्या यह समझ लिया जाए कि भारत परंपरागत सुरक्षात्मक सैन्य रणनीति का परित्याग करके, क्या भारत आक्रामक सैन्य सुरक्षा रणनीति की तरफ बढ़ गया है? सन् 2003 में भारत ने अपने परमाणु सैन्य रणनीति का सैद्धांतिक तौर पर खुलासा कर दिया था। भारत सरकार द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में बाकायदा ऐलान किया गया था कि भारत द्वारा न्यूक्लियर अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग तभी किया जाएगा, जब भारत पर न्यूक्लियर आक्रमण अंजाम दिया जाएगा। भारत अपनी तरफ से प्रथमतः न्यूक्लियर अस्त्रों का कदाचित इस्तेमाल नहीं करेगा। भारत आज 2003 में उद्घोषित की गई, अपनी परमाणु सैन्य सुरक्षा रणनीति पर बाकायदा कायम है। भारत द्वारा परमाणु अस्त्र-शस्त्रों की सैन्य मोर्चे पर तैनाती के निर्णय ने वस्तुतः सारी दुनिया को अचंभित किया है। क्योंकि भारत को विश्व पटल पर शांति का मसीहा और बुद्ध और गांधी का देश स्वीकार किया जाता है।

**खास बातें**

- वर्तमान बजट में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए केवल 93 बिलियन डॉलर रखे गए
- भारत ने सन् 2003 में घोषित की थी अपनी परमाणु सैन्य रणनीति
- प्रथमतः न्यूक्लियर अस्त्रों का कदाचित इस्तेमाल नहीं करेगा देश
- अब पाक के साथ चीन का इलाका भी भारतीय परमाणु बमों की रेंज में आया

## अपनी घोषित नीति पर अडिग

अन्याय पूर्ण हिंसक आक्रमण का जवाब न्यायपूर्ण प्रतिहिंसक कार्यवाही द्वारा प्रदान करने का सैद्धांतिक आधार महात्मा बुद्ध द्वारा ही प्रतिपादित किया गया था और महात्मा गांधी द्वारा भी कायरता और हिंसा के मध्य विकल्प चुनने की स्थिति में हिंसा को ही विकल्प चुनने के लिए कहा था। न्यूक्लियर अस्त्र शस्त्रों की सैन्य मोर्चे पर तैनाती के बावजूद न्यूक्लियर बम द्वारा पहले इस्तेमाल करके प्रहार न करने की अपनी घोषित नीति पर भारत सदैव डटा रहेगा। अतः यह कहना एकदम अनुचित होगा कि भारत ने अपनी सुरक्षा सैन्य रणनीति में कोई बुनियादी बदलाव अंजाम दिया है। भारत की परमाणु बमों से लैस पनडुब्बियां क्रमशः आईएनएस अरिहंत, आईएनएस अरिघात और आईएनएस अरिदमन हैं, जो कि हिंद महासागर में तैनात कर दी गई। परमाणु अस्त्र शस्त्रों के जो आंकड़े विश्व पटल पर उपलब्ध हैं, उनके मुताबिक विश्व के परमाणु बमों से लैस देशों के पास कुल मिलाकर 12187 परमाणु बमों का जखीरा विद्यमान हैं।

## हमारे पास 190 परमाणु बम

परमाणु बमों की संख्या में से तकरीबन 4012 सैन्य मोर्चेबंदी पर तैनात किए गए हैं। तकरीबन 2200 परमाणु बमों को हाई रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ सन्नद करके हाई अलर्ट पर रखा गया है, ताकि उनको किसी भी वक्त दागा जा सके। रूस के पास अनुमानित तौर पर 6700 परमाणु बम हैं। अमेरिका के पास अनुमानित तौर से 5500 परमाणु बम हैं। चीन के पास अनुमानित रूप से तकरीबन 685 परमाणु बम हैं। भारत के पास केवल 190 परमाणु बम हैं और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु बम हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च अमेरिका करता है जो कि 954 बिलियन डॉलर है। भारत द्वारा वर्तमान बजट में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए केवल 93 बिलियन डॉलर रखे गए हैं। परमाणु संपन्न देश बनने के लिए भारत की ऐतिहासिक यात्रा अत्यंत दुश्वार और कठिनाइयों से परिपूर्ण रही है। विश्व पटल पर सबसे पहला परमाणु बम अमेरिका द्वारा वैज्ञानिक ओपनहाइमर के निर्देशन में निर्मित किया गया था। भारत को परमाणु संपन्न देश बनने की राह में सबसे अधिक रुकावट अमेरिका द्वारा ही उत्पन्न की गई थी। जबकि पाकिस्तान को परमाणु संपन्न देश बनाने में सबसे अधिक मदद भी अमेरिका द्वारा की गई। चीन द्वारा जब सन् 1964 में कामयाब परमाणु परीक्षण करके परमाणु बम निर्मित कर लिए गए तो फिर भारत ने भी परमाणु संपन्न देश बनने की दिशा में सोचना प्रारंभ किया।

## पाकिस्तान को बड़ा पैगाम

भारत द्वारा फिलहाल 12 परमाणु बमों की राष्ट्रीय सुरक्षा मोर्चे पर तैनाती वस्तुतः पाकिस्तान को सबसे बड़ा पैगाम है, क्योंकि पाकिस्तान प्रायः भारत को परमाणु बम आक्रमण की धमकियां दिया कर है। लॉन्ग रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ परमाणु बम को सन्नद करने का भारतीय निर्णय यकीनन विस्तारवादी चीन को भी एक स्पष्ट पैगाम है। अब चीन का हर इलाका भारतीय परमाणु बमों की रेंज में आ गया है। अपनी ऐतिहासिक परंपराओं का निर्वाह करते हुए, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति कदापि आक्रमणकारी नहीं होगी, किंतु अपनी राष्ट्रीय रक्षात्मक रणनीति के तहत परमाणु बम का इस्तेमाल करने में जरा भी संकोच नहीं करेगी।

# प्रारंभ हुई 'मेक इन इंडिया' की उपलब्धि



**सफलता**
योगेश कुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार

गुजरात के वडोदरा में भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र ने एक नए इतिहास की रचना की है। भारत में निर्मित सी-295 सैन्य परिवहन विमान सफलतापूर्वक अपनी पहली परीक्षण उड़ान पूरी कर चुका है। यह विमान गुजरात के वडोदरा स्थित फाइनल असेंबली लाइन से उड़ान भरकर 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गया है। टाटा और एयरबस की साझेदारी से बने इस प्रोजेक्ट में 56 विमान बनाए जाएंगे। मेक इन इंडिया की शुरुआत 25 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इसके अंतर्गत वर्तमान में यह योजना 27 प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, लेकिन विमान के क्षेत्र में यह पहली बार हुआ और सरकार इसको अपना सबसे बड़ा प्रोडक्ट बताने में सार्थक हुई। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि यदि सरकार का यह कदम सार्थक सिद्ध हो गया तो निश्चित तौर पर विश्व पटल पर भारत की उपस्थिति बड़े स्तर पर दर्ज हो जाएगी, लेकिन सवाल यही है कि क्या एक परीक्षण से इसको सफल मान लिया जाए या अभी और प्रतीक्षा करनी चाहिए। हालांकि संबंधित अधिकारियों के अनुसार यह हर तकनीकी पहलू में पास हो चुका है, तभी इसकी सफलतापूर्वक उड़ान हुई है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस सफल परीक्षण उड़ान के बाद यह कार्यक्रम अब अपने अगले चरण में पहुंच गया है और उम्मीद है कि इसी साल भारतीय वायुसेना को भारत में बना पहला सी-295 विमान सौंप दिया जाएगा। भारतीय वायुसेना वर्तमान में मुख्य रूप से यूक्रेन, रूस, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, और स्वदेशी रूप से भारत में निर्मित विमानों और हेलीकॉप्टरों का उपयोग करती है, जो सभी एक विशेष विमान हैं और इस श्रृंखला में सी-295 भी शामिल होने जा रहा है। यह पूरा कार्यक्रम करीब इक्कीस हजार करोड़ रुपये का है, जिसके तहत कुल सी-295 विमान भारत में बनाए जाएंगे। यह विमान भारतीय वायुसेना के पुराने एवीआरओ-748 विमानों की जगह लेंगे, जो 1960 के दशक से सेवा में हैं। यदि यह विमान संपूर्ण रूप से वर्चस्व में आ जाता है तो देश को सालाना कई अरबों का फायदा हो सकता है। चूंकि इस तरह के विमानों को हम विदेशों से ही खरीदते हैं, जिससे कई अरब रुपये बाहर चला जाता है। यदि यही पैसा देश में रहता है तो हमारी अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत होगी। यदि भारत में विमानों के पार्ट्स अपने वाहनों के अलावा बनाने के लिए बाहरी देशों में बेचें जाए तो इससे भी भारत को आर्थिक तौर पर मजबूती मिलेगी। जैसा कि बताया जा रहा है कि नया सी-295 विमान अधिक दूरी तक उड़ान भरने की क्षमता, ज्यादा भार वहन करने की क्षमता और आधुनिक तकनीकी एवं ऑपरेशनल सिस्टम से लैस है। इससे यह पहले से अधिक सक्षम और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य भारत में ही किया जा रहा है और करीब 37 भारतीय कंपनियां इस सप्लाई चेन का हिस्सा हैं। यदि 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण करने में सार्थक हो चुके और सभी संबंधित कंपनियां भारतीय हैं तो सफलता का स्तर बहुत बड़ा व सक्षम भविष्य के लिए अच्छा संकेत हैं। वैसे तो बीते कई वर्षों से हम बहुत सारी ऐसी चीजों का निर्माण कर रहे हैं जिससे बाहरी आत्मनिर्भरता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। यदि इस विमान के क्षेत्रों में हम संपूर्ण सफलता पा लेते हैं तो यह वाकई नए भारत की नई तस्वीर बन जाएगी। वैसे सी-295 फॉर्मेट पहले से कई देशों में इस्तेमाल हो रहा है। यह विमान सैनिकों और सामान की ढुलाई, मेडिकल इवैक्यूएशन, निगरानी और टोही मिशन के साथ-साथ आपदा राहत और मानवीय सहायता जैसे कार्यों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी विश्वसनीयता और उपयोगिता इसे आधुनिक सैन्य जरूरतों के लिए बेहद उपयोगी बनाती है। इस विमान का फॉर्मेट वैसे तो अपने अपने देश में बनाया हुआ कामयाब है, लेकिन अब भारत की बारी है। इस बार इस विमान को विशेष बनाने के लिए इसे खराब मौसम बचाव, दुर्गम क्षेत्रों (जैसे हिमालय और नॉर्थ-ईस्ट) और छोटी या कच्ची हवाई पट्टियों से आसानी से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यह विषम परिस्थिति में क्षतिग्रस्त व प्रभावित न हो। इस विमान को लेकर भारत सरकार व नागरिकों में एक अद्भुत व सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। जहां दशक भर विपक्ष 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को लेकर तंज कसता रहा, वहीं सत्ता पक्ष इस प्रोजेक्ट से मुंहतोड़ जवाब देने की बात कर रहा है। लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि देश की प्रगति करना किसी भी सरकार का धर्म, फर्ज व कर्तव्य माना जाता है। इसमें न तो विपक्ष सरकार को नीचा दिखाने की कोशिश करे और न ही सरकार इसमें अपने आप शाबाशी ले। आज भारत जैसे देश को हर स्थिति में अपनी सुरक्षा मजबूत करने की अनिवार्यता है। बहरहाल सी-295 के सफल परीक्षण के बाद अब बाकी विमानों की भी प्रतीक्षा रहेगी।

> **नया सी-295 विमान अधिक दूरी तक उड़ान भरने, ज्यादा भार वहन करने की क्षमता और आधुनिक तकनीकी एवं ऑपरेशनल सिस्टम से लैस है। इससे यह पहले से अधिक सक्षम और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य भारत में ही किया जा रहा है।**

# रक्षा निर्माण क्षमता में आएगी आत्मनिर्भरता



**क्षमता**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

इस सूचना से निश्चय ही पूरे देश का आत्मविश्वास बढ़ा होगा कि भारत महत्वाकांक्षी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान स्टील्थ फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट या एएमसीए का स्वयं निर्माण करने जा रहा है। इसमें भी महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकारी विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की जगह तीन निजी कंपनियों, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, एलएंडटी- बीईएल-डायनामेटिक कंसोर्टियम और भारत फोर्ज-बीईएमएल-डेटा पैटर्न्स कंसोर्टियम को चुना गया है। सरकार की घोषणा के साथ अलग-अलग तरह की टिप्पणियां आ रहीं हैं। 15,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत चुनी गई प्राइवेट कंपनी आंध्र प्रदेश में एक नई ग्रीनफील्ड सुविधा केंद्र स्थापित करेगी।

इस केंद्र में एएमसीए के पांच प्रोटोटाइप तैयार किए जाएंगे। ये निजी कंपनियां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) के साथ मिलकर काम करेंगी। पूरी परियोजना आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में 650 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही नई सुविधा में किया जाएगा। सरकार ने चुनी गई कंपनियों को पहला प्रोटोटाइप तैयार करने के लिए 30 महीने की समय सीमा दी है। कहने की आवश्यकता नहीं कि यह देश का पहला स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा। यह रक्षा निर्माण क्षमता में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की दृष्टि से अब तक का सबसे बड़ा कदम है। जैसा हम जानते हैं कि भारत को अमेरिका और रूस ने एफ-35 और सुखोई-57 विमान देने का ऑफर दिया था, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने घरेलू स्तर पर इसे तैयार करने की ओर कदम बढ़ाया है तो इसका अर्थ है कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा उत्पादन निर्माण एवं निर्यात के क्षेत्र में प्रगति के कारण हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। अभी तक की योजना के अनुसार पहला प्रोटोटाइप 2028 से 2032 के बीच उड़ान भर सकता है, जबकि बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होने के बाद विमान 2035 के बाद भारतीय वायुसेना में शामिल हो सकता है।पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान भारत में निजी क्षेत्र की कंपनियों की भागीदारी से निर्मित होगा, इसकी पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। इससे रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी के एक ऐसे दौर की शुरुआत होगी, जो हम अमेरिका, यूरोप और अन्य विकसित देशों में देखते हैं। भारतीय वायुसेना अभी मुख्य रूप से चौथी और 4.5 पीढ़ी के विमानों पर निर्भर है। दूसरी ओर चीन पहले से ही एडवांस स्टेल्थ कॉम्बैट फाइटर का इस्तेमाल कर रहा है और उसने 6वीं पीढ़ी के प्रोटोटाइप जैसे चेंगदू जे-36 और शेनयांग जे-50 भी पेश किए हैं। समाचार यह भी है कि पाकिस्तान आने वाले सालों में चीन के जे-35ए स्टेल्थ फाइटर जेट को अपनी वायुसेना में शामिल कर सकता है। भारत के पास उनके समानांतर स्वयं को सशक्त करने के लिए एक रास्ता बाहर से खरीद का भी था, किंतु जब हम रक्षा बाजार में स्वयं आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम कर रहे हैं, उसमें सफलताएं मिल रही हैं, हमारे वैज्ञानिक तकनीशियन और निजी क्षेत्र भी अपनी उपयोगिता साबित करने का संकेत दे रहे हैं तो फिर हमें स्वयं स्वदेशी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना चाहिए। एचएएल जैसी सार्वजनिक कंपनी पर सारी जिम्मेदारी छोड़कर हम विश्व की रक्षा प्रतिस्पर्धा में खड़ा नहीं हो सकते। निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे लाना और सरकारी कंपनियों के साथ उनकी साझेदारी सबसे व्यावहारिक और उपयुक्त रास्ता है। मुख्य बात कुशलतापूर्वक योजना बनाने और उसके पहले ठोस आधारभूमि तैयार कर लेने में है। कहा जा सकता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भारत का रक्षा उत्पादन डेढ़ लाख करोड़ हो जाएगा तथा यह रक्षा क्षेत्र में निर्यात भी कर सकेगा, इसकी कल्पना पहले नहीं की जा सकती थी। भारत के कुछ ब्रांड ने तो दुनिया में स्थान बनाना आरंभ कर दिया है। ये हैं ब्रह्मोस , पिनाका, आकाश मिसाइलें, स्वाति रडार और 155 एम एडवांस्ड टावर आर्टिरीगंज यानी एटीएजीएस। इन्हें अर्मेनिया से लेकर फिलीपींस तक कई देशों ने अपनी रक्षा प्रणाली में शामिल किया है। इन्हीं आधारों पर भारत ने 2030 तक 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। इसलिए उम्मीद रखनी चाहिए कि नियत समय पर हम पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए तैयार कर वायु सेना को सौंपने तथा आगे लड़ाकू विमान के रक्षा बाजार में भी उतरने की क्षमता हासिल कर सकेंगे।




**भारत ने 2030 तक 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। इसलिए उम्मीद रखनी चाहिए कि नियत समय पर हम पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए तैयार कर वायु सेना को सौंपने तथा आगे लड़ाकू विमान के रक्षा बाजार में भी उतरने की क्षमता हासिल कर सकेंगे।**

# अर्थव्यवस्था-कूटनीति को साधने का उपकरण



**रक्षा निर्यात**
डॉ. एन. के. सोमानी
वरिष्ठ स्तंभकार

एक समय वह था, जब भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए बाहरी देशों पर निर्भर हुआ करता था। सैन्य साजो-सामान व भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सेना विदेशी मुल्कों में निर्मित उपकरणों पर निर्भर रहती थी। आज उच्च तकनीकी विकास, 'आत्म निर्भर भारत' व 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने स्थिति को पूरी तरह पलट दिया है। हथियारों व सैन्य उपकरणों के लिए बाहरी राष्ट्रों पर निर्भर रहने वाला भारत आज हथियार बाजार का एक बड़ा खिलाड़ी बन गया है। आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात सर्वकालिक उच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। अब सरकार ने 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन और 50 हजार करोड़ रूपये का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

साल 2024-25 में रक्षा उत्पादन एक लाख 54 हजार करोड़ रुपये था। दरअसल साल 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने घरेलू रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने व देश को रक्षा क्षेत्र में निर्यातक (आपूर्तिकर्ता) राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप तैयार किया। रोडमैप मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान शुरू किए गए 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के जरिए धरातल पर उतरता दिखाई दिया। रक्षा बाजार में भारत का दबदबा कायम करने के लिए सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान जैसे बड़े कदम उठाए। इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को बढ़ाकर 74 प्रतिशत तक कर दिया गया । इसका परिणाम यह हुआ कि रक्षा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के आने से देश में अनुसंधान और विकास में सुधार हुआ और वैश्विक स्तर पर भारत की विश्वसनियता बढ़ी। सरकार के इन नीतिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप रक्षा उपकरणों का आयात घटा और निर्यात को बढ़ावा मिला।

इन नीतिगत परिवर्तनों के चलते रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत का दबदबा कायम हुआ। सरकार ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कई रक्षा वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाए । इससे देश के भीतर न केवल रक्षा उपकरणों के निर्माण में तेजी आई बल्कि रणनीतिक रूप से भी भारत मजबूत हुआ। नई उभरती शक्तियां जो पश्चिमी देशों या अन्य महाशक्तियों पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती थी उनके लिए भारत एक सस्ता और विश्वसनीय विकल्प बनकर उभरा है। इसका एक फायदा यह हुआ कि सहयोगी देशों को रक्षा साजो-सामान और प्रशिक्षण देकर हिंद प्रशात क्षेत्र और अन्य जगहों पर भारत ने अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाया। 80 से अधिक देशों को हथियार और रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। पहले रक्षा उपकरण बनाने का काम केवल सरकारी कंपनियों तक ही सीमित था। जब सरकार ने निजी कंपनियों के लिए रक्षा उद्योग के द्वार खोले, उसके बाद टाटा एडवांस्ट सिस्टम्स (टीएएसएल), लार्सन एंड टुब्रो डिफेंस (एलएंडटी), महिंद्रा डिफेंस सिस्टम, अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस, एमएसएस डिफेंस, पारस डिफेंस और डेटा पैटर्न्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों की भागदीदारी बढ़ने के बाद रक्षा उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। निसंदेह रक्षा निर्यात में हुई इस ऐतिहासिक वृद्धि से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की कूटनीतिक साख बढ़ी है। कुल मिलाकर कहा जाए तो भारत का रक्षा क्षेत्र एक नए युग में प्रवेश कर रहा है।

डोकलाम विवाद और ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन और पाकिस्तान भारत को अलग-अलग मोर्चो पर घेरने की कोशिशों में जुटे हैं। सीमावर्ती राज्यों में कई चरमपंथी संगठन सक्रिय हैं। ऐसे में भारत ने भी दुनिया के दूसरे देशों की तरह सेना के आधुनिकीकरण और परंरागत सशस्त्रों के बजाए भविष्य की टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए निवेश करने की जो योजना शुरू की है, निसंदेह भविष्य में उसके परिणाम सकारात्मक देखने को मिलेंगे।

हालांकि रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत वैश्विक मंच पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित होने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है, लेकिन अभी भी भारत को एक लंबा सफर तय करना है। आंकड़े बताते हैं कि सफर लंबा जरूर है, लेकिन मुश्किल नहीं है।




**भारत ने भी दुनिया के दूसरे देशों की तरह सेना के आधुनिकीकरण और परंरागत सशस्त्रों के बजाए भविष्य की टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए निवेश करने की जो योजना शुरू की है, निश्चित रूप से भविष्य में उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।**




## खबर संक्षेप

### भारतीय मूल के शख्स को मिली लंदन में सजा



**लंदन।** ब्रिटेन की अदालत ने भारतीय मूल के गगनदीप सिंह को महिला के अपहरण, टॉर्चर और रेप मामले में 34 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट में बताया गया कि आरोपी ने 24 वर्षीय महिला को लंदन के एक घर में बंधक बनाकर घंटों तक प्रताड़ित किया। पीड़िता को पीटा गया, जलाया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। महिला शुरुआत में पुलिस के पास जाने से डर रही थी, लेकिन उसकी मां ने सबूत संभालकर रखे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच के बाद गगनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया।

### खैबर पख्तूनख्वा में 72 घंटे में 21 आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए पिछले 72 घंटों में 21 आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है। मीडिया को मिली जानकारी के शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि यह कार्रवाई खुफिया सूचनाओं के आधार पर उत्तरी वजीरिस्तान जिले में की गई। मारे गए आतंकवादियों में चार प्रमुख कमांडर भी शामिल हैं, जो सुरक्षा बलों पर हमलों और आम नागरिकों की हत्याओं समेत कई गंभीर वारदातों में वांछित थे।

### खामेनेई के अंतिम संस्कार का ऐलान



**तेहरान।** करीब चार महीने से पहले अमेरिका-इजराइल के हमलें में जान गंवा चुके ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जानकारी मिली है कि ये कार्यक्रम 6 दिन तक चलेगा। यह कार्यक्रम 4 जुलाई से शुरू होकर 9 जुलाई को मशहद शहर में उनके दफन के साथ खत्म होगा। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार 4 से 9 जुलाई के बीच विदाई समारोह, अंतिम संस्कार और दफन से जुड़े सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंतिम संस्कार की शुरुआत 4 जुलाई से तेहरान में तीन दिन तक चलने वाले समारोह से होगी।

देहरादून में राष्ट्रपति ने पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया

# एनडीए के पहले महिला बैच की कैडेट्स अधिकारी के रूप में पासआउट हुईं

*सुखोई 30 एमकेआई, सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम और सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया*



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संग एनडीए की पहली महिला बैच की 9 थलसेना अधिकारी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में 158वें रेगुलर कोर्स और 141वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया। यह अवसर भारतीय सेना और देश की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है।

### भव्य फ्लाइपास्ट और एरोबेटिक प्रदर्शन रहे आकर्षण का केंद्र

परेड के दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के नेतृत्व में फ्लाईपास्ट का आयोजन किया गया। इसमें पिलाटस पीसी-7 एमके II, हॉक, किरण और चेतक जैसे प्रशिक्षण विमानों ने हिस्सा लिया।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुला था रास्ता

*इससे पहले एनडीए में महिलाओं के प्रवेश की अनुमति नहीं थी। जून 2022 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद महिलाओं के लिए एनडीए के द्वार खुले थे। इस निर्णय ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका को नई दिशा प्रदान की और आज उसका ऐतिहासिक परिणाम देखने को मिला।*

### आईएमए से 515 कैडेट हुए पासआउट

*इस वर्ष आईएमए से कुल 515 कैडेट पासआउट हुए, जिनमें 16 देशों के 34 विदेशी कैडेट भी शामिल हैं। पासआउट होने वाले कैडेट्स में एनडीए की पहली महिला बैच की 9 कैडेट भी शामिल रहीं, जिन्होंने कठिन प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में कदम रखा।*

### वायुसेना में भी शामिल हुईं पहली महिला एनडीए कैडेट्स

*भारतीय वायुसेना अकादमी में आयोजित कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड के दौरान भारतीय वायुसेना के 217वें कोर्स के तहत 231 फ्लाइट कैडेट्स ने प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण पूरा किया।*

दीक्षांत परेड के आयोजन में बोले रक्षामंत्री

# एनडीए की पहली महिला बैच समेत 231 कैडेट भारतीय वायु सेना में हुए शामिल

» **मानवता की सेवा में भी अग्रणी रही है वायु सेना**

» **राष्ट्र सेवा की नई यात्रा की शुरुआत**

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी एएफए में 217वें कोर्स की संयुक्त दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया, जहां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एनडीए में प्रवेश लेने वाली महिलाओं के पहले बैच सहित कुल 231 फ्लाइट कैडेटों (194 पुरुष और 37 महिलाएं) को भारतीय वायु सेना में अधिकारी के रूप में कमीशन प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परेड की समीक्षा की और स्नातक कैडेटों को 'राष्ट्रपति कमीशन' प्रदान किया, जो फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के पूर्व-कमीशनिंग प्रशिक्षण की सफलता का प्रतीक है।

### वियतनामी अधिकारियों को सम्मानित किया गया

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के तीन अधिकारियों तथा वियतनाम के दो अधिकारियों को 'विंग्स' प्रदान किए गए। वहीं, नौवहन प्रशिक्षण पूरा करने वाले तीन अधिकारियों को 'ब्रेवेट' से सम्मानित किया गया।

## गृह मंत्री ने सीमावर्ती जिलों में 'अध्ययन' कर चुनौतियों से निपटने के दिए निर्देश



समिति की बैठक लेते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकी में हो रहे बदलावों का अध्ययन करने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति को शनिवार को निर्देश दिया कि वह सीमावर्ती जिलों में जनसंख्या के स्वरूप में आए परिवर्तनों का विस्तृत अध्ययन करे। समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि समिति अवैध प्रवासन और अन्य अस्वाभाविक कारणों से हो रहे बदलावों का आकलन करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों, महानगरों तथा औद्योगिक नगरों का दौरा करे। गृह मंत्रालय ने देशभर में घुसपैठ और अन्य अस्वाभाविक कारणों से हो रहे जनसंख्या संबंधी परिवर्तनों का मूल्यांकन करने तथा इन चुनौतियों से निपटने के उपाय सुझाने के लिए इस उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। शाह ने कहा कि जनसंख्या संरचना में बदलाव एक गंभीर विषय है, जो केवल देश की संप्रभुता से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, सामाजिक ढांचे में गहरे परिवर्तनों तथा जनजातीय समाज के संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। समिति अवैध घुसपैठ और अन्य अस्वाभाविक कारणों से भारत में हो रहे जनसंख्या संबंधी परिवर्तनों का व्यापक आकलन कर इसके लिए योजनाबद्ध तथा समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करे।

पीएम फ्रांस-स्लोवाकिया दौरे पर रवाना

## 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में शामिल होंगे, मैक्रों रहेंगे मौजूद

» नवाचार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी पर रहेगा फोकस



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रवाना हुए। इस दौरान उनका कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा, जिसमें द्विपक्षीय वार्ताएं, बहुपक्षीय बैठकें और आर्थिक व सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि अगले कुछ दिनों में मैं फ्रांस और स्लोवाकिया में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लूंगा। इनमें द्विपक्षीय बातचीत, बहुपक्षीय बैठकें और भारतीय समुदाय के लोगों से संवाद शामिल है। मेरा ध्यान आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा की शुरुआत फ्रांस के नीस शहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से होगी।

### इमैनुएल मैक्रों के साथ होगी द्विपक्षीय वार्ता

नीस में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच द्विपक्षीय बैठक भी होगी। दोनों नेता भारत-फ्रांस विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेता संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन भी करेंगे, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के प्रमुख स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और वेंचर कैपिटल फंड्स भाग लेंगे।

## पुंछ में भारी बारिश के बाद भूस्खलन एनएच-144 पर फंसे 200 से ज्यादा वाहन

एजेंसी ▶▶ पुंछ



जिले में पिछले कुछ घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश के चलते पुंछ को जोड़ने वाले एनएच-144 लसाना के पास पर अचानक भारी भूस्खलन हो गया, जिससे मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। सड़क बंद होने के कारण हाईवे के दोनों ओर 200 से अधिक छोटे-बड़े वाहन फंस गए। अचानक आए इस भूस्खलन से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई लोग घंटों तक सड़क पर ही फंसे रहे।

## एआई से बनाईं हजारों फर्जी वेबसाइट्स चीनी गिरोह के खिलाफ कोर्ट पहुंचा गूगल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



गूगल इस समय अपने ही सबसे एडवांस एआई टूल जेमिनी के गलत इस्तेमाल से परेशान है। इसी सिलसिले में गूगल ने न्यूयॉर्क की एक अदालत में एक कथित चीनी साइबरक्राइम नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ा मुकदमा दायर किया है। मुकदमे के मुताबिक, इस चीनी गिरोह का नाम आउटसाइडर इंटरप्राइज है, जो चीन से चलाया जा रहा था और आपस में बातचीत व तालमेल के लिए टेलीग्राम का इस्तेमाल करता था।




# भारत को मिलेगी जल्द आतंरिक्ष में बड़ी उपलब्धि

> भारत में कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस पहला प्राइवेट रॉकेट 'विक्रम-I' अंतरिक्ष में उड़ान के लिए तैयार है। यह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा

> रॉकेट विक्रम में कंप्यूटर से चलने वाले रोबोटिक पुर्जे लगे हैं

> सही रास्ता पकड़ने की तकनीक विकसित की गई है

## भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट 'विक्रम-1' उड़ान के लिए तैयार, श्रीहरिकोटा से रचा जाएगा इतिहास

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारत के लिए जल्द ही अंतरिक्ष में एक बड़ी उपलब्धि मिलने वाली है। हैदराबाद की स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस का प्राइवेट रॉकेट विक्रम-1 अंतरिक्ष में उड़ान के लिए तैयार है। जिसकी तस्वीर भी जारी हो गई है। श्रीहरिकोटा में विक्रम-1 रॉकेट के स्टेज-2 इंटीग्रेशन का काम पूरा हो चुका है। यानि यह रॉकेट उड़ान भरने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। यानि भारत अब अंतरिक्ष में इतिहास रचने की उल्टी गिनती शुरू कर चुका है।



### विक्रम-1 की तस्वीर जारी

स्काईरूट एयरोस्पेस की तरफ से विक्रम-1 रॉकेट की तस्वीर भी जारी की गई है। जो उड़ान के लिए अब तैयार नजर आ रहा है। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर में यह तैयार किया गया है। यह रॉकेट चार चरणों वाला है। जिसमें दूसरे चरण का काम पूरा हो चुका है। इस चरण को कलाम-250 के नाम दिया गया है।

### भारत के लिए होगी बड़ी उपलब्धि

*विक्रम-1 जब अंतरिक्ष में उड़ान भरेगा तो यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि हगी. क्योंकि यह रॉकेट 24 मीटर ऊंचा है। जो अपने साथ 350 किलोग्राम तक के छोटे सैटेलाइट्स को पृथ्वी की निचली कक्षा ले जा सकता है। यह रॉकेट जब लॉन्च होगा तो भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा जिनके पास अपना प्राइवेट रॉकेट होगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28